खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 12 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 302 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :38°C न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स/निफ्टी: 82,515.14 25,141.40

सोना/चांदी: 98,850 1,09,000

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



**टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में और भीषण गर्मी बढ़ने के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है।

नई दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्म: मैनेजिंग मानसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिए एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि हुई**

## सात दिन में देश का टेंपरेचर 8.13 डिग्री बढ़ा

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री, कोटा में 46.3डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47 डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**■ मप्र- राजस्थान समेत छह राज्यों में लू का अलर्ट, बठिंडा 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म**

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग की लपटें देखकर विधानसभा के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट, चार अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिंग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की कोर्ट से बुधवार को जोरदार झटका लगा है। हिसार की अदालत ने ज्योति मल्होत्रा को झटका देते हुए जमानत याचिका का खारिज कर डाला है। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने हिसार कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी और अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी, लेकिन इसके बावजूद हिसार कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज करते हुए ज्योति मल्होत्रा को बेल देने से ही मना कर दिया।

### मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे कठोर प्रक्रिया: ज्ञानेश

**नई दिल्ली/स्टॉकहोम।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रतिक्रियाओं में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री कुमार मंगलवार शाम स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि श्री सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। श्री सिंह गांधी परिवार के खिलाफ विवादित बयान देने के कारण पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं।

# संत परंपरा प्राचीन, संतों ने विदेशी आक्रांताओं से लिया लोहा: योगी

## कहा: संतों ने समाज को दिखाई एकता और जोड़ने की राह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना/शुक्रताल (मुजफ्फरनगर)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मौजूद जनसमूह को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि अब कोई कांधला और कैराना पलायन जैसी घटना करने की हिमाकत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज की प्रेरणा से पीएम मोदी की आगुवाई में बिना भेदभाव के समग्र विकास पर काम हो रहा है। उन्होंने सतगुरू रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुक्रताल स्थित संत स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज और संत रविदास मिशन के संस्थापक अध्यक्ष सतगुरु समनदास की पुण्यतिथि पर आयोजित समागम समारोह में शिरकत करने यहां पहुंचे थे। साधु संतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी महाराज ने अपनी कर्म साधना से जो प्रेरणा दी वह आज भी सम्पूर्ण देशवासियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कांधला और कैराना जैसी घटना करने की अब कोई हिमाकत उत्तर प्रदेश में नहीं कर सकता। शुकतीर्थ सनातन धर्म का पौराणिक तीर्थ है।



**सीएम ने सतगुरु रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की**

**योगी बोले- मन चंगा, तो कठौती में गंगा, सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की धर्म और संस्कृति को रौंदा जा रहा था, तो उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास जी महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। सतगुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक आडंबर व -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायिक आतंकवाद से बचना होगा

## कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिएं अपनी सीमाएं: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि भारत का संविधान सिर्फ अधिकार नहीं देता, बल्कि समाज के पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को ऊपर उठाने का काम भी करता है। उन्होंने यह बात ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम के दौरान कही।

सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए। जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। भारत में कई दशक पहले लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें अशुद्ध बताया जाता था। कहा जाता था कि वे इस जाति के नहीं हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपनी बात खुद नहीं कह सकते, लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर खुलकर बोल रहा है।



**न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए**

**भारतीय संविधान दबे-कुचलों को ऊपर उठाने का काम करता है**

**मुख्य न्यायाधीश ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम को किया संबोधित**

### सीएए को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट ने की पाकिस्तानी नागरिक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहे जूड मेंडेस की इस याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया, लेकिन इस मामले में बम्बई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की उन्हें अनुमति दी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि मैं (जूड मेंडेस) 2014 के बाद भारत आया हूं। मैं एक ईसाई पाकिस्तानी नागरिक हूं। मैं सीएए के प्रासंगिक प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दे रहा हूं। इस पर अदालत ने कहा कि बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष जाएं।

# विधायक नाहिद हसन दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उप्र में सहारनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई मामलों के आरोपी कैराना विधायक नाहिद हसन को दोषमुक्त करार दिया है।

विधायक नाहिद हसन के वकील जानिसार ने बुधवार को बताया कि कोर्ट ने पत्रावलियों पर आए साक्ष्यों और गवाहों को सुनने के बाद नाहिद हसन को आरोपमुक्त किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2012 में एक मामले में नाहिद हसन ने थाना सरसावा का घेराव किया था और सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क पर जाम लगाने आ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप पुलिस ने उन और उनके समर्थकों पर लगाए थे। फैसले के दौरान विधायक नाहिद हसन खुद कोर्ट में उपस्थित थे।

**■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दी सपा विधायक को राहत**

# केरल हाईकोर्ट का प्रियंका को नोटिस

कोच्चि, वार्ता

**केरल हाईकोर्ट ने** बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। इसमें वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका भाजपा नेता नव्या हरिदास की ओर से दायर की गई है।

उन्होंने वायनाड सीट पर प्रियंका के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नव्या का आरोप है कि प्रियंका ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में अपनी और परिवार की संपत्तियों की जानकारी सही नहीं दी। नव्या ने दावा किया कि प्रियंका गांधी ने जानबूझकर संपत्ति छिपाई, ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित हो। यह भ्रष्ट आचरण (करप्ट प्रैक्टिस) की कैटेगरी में आता है। झूठी जानकारी देकर प्रियंका ने आचार संहिता का भी उल्लंघन किया है। याचिका पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी। चुनावी हलफनामे में प्रियंका गांधी ने 12 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति घोषित की थी। उनके पास 4.24 करोड़ रुपये की चल और 7.74 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां हैं। प्रियंका ने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया था। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 37.9 करोड़ रुपये की चल और 27.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां है।



**■ वायनाड सीट पर जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा, संपत्ति छिपाने का आरोप**

# बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

बेंगलुरु, वार्ता

**बहुप्रतीक्षित एक्सिओम**-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

इसरो ने यहां बताया कि प्रक्षेपण से पहले प्रोटोकॉल के तहत इसके प्रदर्शन को सफल करने के लिए 'लॉन्च पैड' पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का 'हॉट टेस्ट' किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने कहा कि इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

**■ प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकी विसंगतियों का पता चलने के बाद लिया फैसला**

# पीएम से मिलने वाले मंत्रियों का RT-PCR टेस्ट होगा

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7000 के पार, अब तक 74 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

**रोज 350+ नए मामले आ रहे सामने**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को 6 लोगों ने जान गंवाई। इनमें केरल में 3, कर्नाटक में 2 और महाराष्ट्र में एक मौत हुई है। बीते 10 दिन में 3000 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 40 मरीजों की मौत हुई है। हर दिन 350 से ज्यादा नए केस दर्ज हो रहे हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट बुजुर्गों और दूसरी बीमारियों वाले मरीजों के लिए ज्यादा खतरनाक है।



### भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों के सशक्तिकरण के लिए भी काम किया है और देश की सुरक्षा में सुधार किया है।



# आबादी में घुसे माहे ने मचाया उत्पात

## माहे की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, घायल माहे ने भी दम तोड़ा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीमा।** जंगल से भटक कर नगर में आए युवा नर माहे ने लगभग आधा घंटा उत्पात मचाया। माहे ने खेत पर काम कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे बजुर्ग की मौत हो गई। एक मकान पर लगे लोहे के गेट को तोड़ दिया। आधा दर्जन से अधिक बाइकों व चार कारों को क्षतिग्रस्त करने के बाद घायल माहे की भी मौत हो गई। माहे की खबर फैलते ही मोहल्ले के लोगों की भारी भीड जमा हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे जब सब लोग सो रहे थे। एक युवा नर माहा जंगल से नगर के सेवावाली गांवड़ी क्षेत्र के एक खेत में जा घुसा। जहां पर मोहल्ला नेजोवाली निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग नत्थन सैनी अपने खेत पर बैठे हुए थे। माहे ने उन पर हमला बोल कर घायल कर दिया। बाद में घायल बजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद वह मोहल्ला अम्बेडकर नगर स्थित एम एम इंटर कालेज के मैदान में पहुंचा। वहां से भाग कर स्व. कृपाल सिंह चौहान की गली में जाकर घुस गया, जहां उसने घरों के आगे खड़ी बाइकों को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद वह दूसरी गली में घुस गया, जहां पर रितिक के घर के आगे खड़ी बाइक को गिराया। उसके बाद वहां से अंधाधुंध भागते हुए स्व.रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट की गली में घुसकर उनके मकान के मेन गेट पर लगे लोहे के गेट को तोड़ता हुआ घायलावस्था में ही मकान के अन्दर घुस गया और उनके मकान की 5-6 फुट की चारदीवारी को फांद कर अनिता नर्सिंग होम की गली में जा पहुंचा। जहां पर मौहल्ले के कुत्ते भी उसके पीछे लग गए। उसने वहां पर लगभग आधा घंटा उत्पात मचाते हुए गली में खड़ी निमोश कुमार की कार टोयटा रोमियन, एमएम इंटर कालेज के अध्यापक ब्रजमोहन सिंह की निशान मायकरा एक्टिवा, सुशील कुमार की वैगनआर कार को क्षतिग्रस्त करते हुए दोबारा फिर स्व. रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट की गली में जा पहुंचा, जहां पर घायल अवस्था में होने के कारण उसने सड़क पर गिर कर दम तोड़ दिया। नगर के मौहल्ले में घुसे माहे की खबर सुनते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सालय से पशु चिकित्सक डा. रजनीश पहुंचे। उन्होंने घायल माहे को देखकर मृत घोषित किया। सादी वर्दी में थाने के एसआई सोहन लाल व वन विभाग से दरोगा धर्मेन्द्र व लाल सिंह कर्मचारी व पालिका से बाबू संदीप बाल्मीकि अपनी जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन से गली में मृत पड़े माहे को बाहर निकाला और जेसीबी मशीन से नगीना तुखमापुर रोड लेकर गए। जहां पर पशु चिकित्सक डा. रजनीश द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद वहीं जंगल में सुपुर्द खाक कर दिया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार से महिला की मौत

### एक गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कल शाम थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब हरिद्वार से लौट रही एक कार को सामने से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार ने टक्कर मार दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम भागीजोत निवासी रोहित सैनी पुत्र स्व. हिम्मत सिंह अपनी आर्टिका कार नंबर यूपी 20 सीबी 7037 से हरिद्वार से वापस अपने ग्राम लौट रहे थे। शाम करीब पांच बजे जैसे ही वह बिड़ला फार्म रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक डिजायर कार नंबर यूपी 20 सीयू 7829 ने तेज रफ्तार में लापरवाहीपूर्वक उनकी गाड़ी में सीधी टक्कर मार दी। हादसे के वक्त कार में सवार बबीता पत्नी महेश गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में घायल को लाइफलाइन हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान नवजीवन हॉस्पिटल जसपुर में बबीता की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित पक्ष ने मामले की लिखित तहरीर पुलिस को देकर आरोपी कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सर्राफ की निशानदेही पर जेवरात बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** राजस्थान पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में तीन दिन पूर्व नहटौर में तीन सर्राफा व्यापारियो के घर पर छापेमार कार्रवाई की थी। पुलिस ने दो सर्राफा व्यापारियों को पकड़ा था। एक व्यापारी को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। एक आरोपी को बुधवार को लेकर नहटौर पहुंची। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए जेवरात बरामद किए।

जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व नहटौर के मोहल्ला सराय जोखा सिंह, पठानो वाली मस्जिद व सुनारो वाली गली में तीन सर्राफा व्यापारियों के घरों पर छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने दो सर्राफा व्यापारियों को पकड़ लिया था। एक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। एक सर्राफा व्यापारी को राजस्थान ले गई थी। बताया जाता है कि राजस्थान के जोधपुर में चोरी के मामले छापेमार कार्रवाई की गई थी। 97 ग्राम सोने के जेवरात खरीदे गए थे। राजस्थान ले गई व्यापारी को कोर्ट में पेश करने के बाद बुधवार को राजस्थान पुलिस नहटौर पहुंची। नहटौर पुलिस के साथ उसके घर पर पहुंचकर निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद किए है।

थानाध्यक्ष धीरज नागर ने राजस्थान पुलिस के आने की पुष्टि की है।

# प्रधानाध्यापकों का अपेक्षानुरूप नहीं मिला सहयोग : सुधीर चौहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आदर्श वेलफेयर समायोजित शिक्षक एवं शिक्षामित्र संगठन के जिला अध्यक्ष सुधीर चौहान ने समर कैंप की सफलता पर जनपद के सभी शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि यदि अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों का अपेक्षित सहयोग मिलता, तो प्रदर्शन और भी बेहतर हो सकता था।

वार्ता में सुधीर चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेश पर 21 मई से 10 जून तक जूनियर हाई स्कूल व कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों में नई ऊर्जा और रचनात्मकता देखने को मिली, जो बेहद उत्साहवर्धक रहा। उन्होंने कहा कि जनपद के शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने अत्यंत जिम्मेदारी व समर्पण से कैंप को सफल बनाया। बच्चों को प्रतिदिन योग, व्यायाम, खेलकूद और अन्य गतिविधियों से जोड़ा गया।

हालांकि, उन्होंने अफसोस जताया कि भीषण गर्मी के बावजूद अधिकारी स्तर पर किसी ने बच्चों या शिक्षामित्रों की सुध नहीं ली। शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम भी विद्यालयों में भ्रमण करती नहीं दिखी।

अधिकांश स्कूलों में स्टेशनरी, फल, बिस्किट, चने और एमडीएम सामग्री शिक्षामित्रों ने अपने खर्च पर जुटाई।

सुधीर चौहान ने मांग की कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों को पूरी प्रशासनिक सहायता मिलनी चाहिए, जिससे शैक्षिक गुणवत्ता में और सुधार किया जा सके।

# कोऑपरेटिव कार्यालय पर भाकियू का हंगामा

### 19 को तालाबंदी की चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने एआर कोऑपरेटिव कार्यालय पर हंगामा करते हुए 19 को तालाबंदी की चेतावनी दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एआर कोऑपरेटिव के कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर हंगामा करते हुए किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। कार्यालय के गेट पर ही बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि कृषकों को कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा जो फसली ऋण दिया जाता है, उस पर सात प्रतिशत के स्थान पर तीन प्रतिशत ब्याज भी पूर्व की तरह वसूला जाए। किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए। विकास भवन में स्थित विभिन्न विभागों में आने वाले फरियादियों के लिए ठण्डे पानी की व्यवस्था की जाए। जनपद में बढ़ रहे पुलिस के द्वारा उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों के द्वारा किसानों के कार्य लेटलतीफी से किए जाते है, जिससे किसान परेशान हो जाते है। किसानों के काम प्राथमिकता के आधार पर किए जाए। किसी भी सरकारी कार्यालय में कर्मचारियों एवं फरियादियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो 19 जून को एआर कोऑपरेटिव के कार्यालय पर तालाबंदी कर आंदोलन की अगली रणनीति भी यहीं पर तय की जाएगी।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह, मुनेन्द्र सिंह काकरान, जितेन्द्र सिंह पहलवान, धर्मवीर सिंह धनकड़, दिनेश कुमार, बलजीत सिंह, नरदेव सिंह, तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह, जय सिंह, सत्यपाल सिंह आदि भी मौजूद थे।

# विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ने दम तोड़ा, पनपा रोष

### पूरे जनपद की हालत बेहद खराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीषण गर्मी में बढ़ती डिमांड को पूरा करने में विद्युत विभाग का सिस्टम फेल हो गया है। जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। जनपद मुख्यालय से लेकर कस्बों व गांवों की हालत बेहद बुरी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जैसे-जैसे गर्मी अपना जलवा दिखा रही है, वैसे-वैसे विद्युत विभाग का सिस्टम दम तोड़ रहा है। विद्युत विभाग के उपभोक्ता एवं भार काफी ज्यादा बढ़ गया है। लेकिन विद्युत विभाग के अभियंताओं ने वसूली पर ज्यादा ध्यान दिया और उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति देने पर फोकस नहीं रखा गया। जिसकी वजह से भीषण गर्मी के चलते डिमांड बढ़ने से विद्युत विभाग का पूरा सिस्टम ही चौपट हो गया है। जगह-जगह तार टूट रहे है और कम क्षमता के ट्रांसफार्मर फुंक रहे है। हालत यह है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी फाल्ट सही कर वहां से हटते भी नहीं है और दूसरी जगह फाल्ट हो जाता है। फाल्ट ठीक करने के लिए बार-बार शटडॉउन लिया जाता है। जिसकी वजह से उपभोक्ता बेहद परेशान है। उपभोक्ताओं के द्वारा की जाने वाली शिकायतों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। खुद विद्युत विभाग का स्टाफ परेशान है। लेकिन इस परेशानी का जिम्मेदार कोई दूसरा नहीं है, बल्कि लखनऊ व अन्य मुख्यालयों पर बैठे अधिकारी है।

जिम्मेदार अधिकारी आगे की रणनीति नहीं बनाते है। अगर वह रणनीति बनाकर आने वाली समस्याओं का पूर्व में ही समाधान करा ले, तो आज जो संकट खड़ा हो गया है, वह नहीं होता। इसकी कीमत उपभोक्ताओं को चुकानी पड़ रही है। जब जनपद मुख्यालय पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था इतनी बदहाल है, तो आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कस्बों व देहात क्षेत्र में क्या हो रहा होगा। उपभोक्ताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# शिक्षकों व शिक्षामित्रों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप समाप्त होने के बाद बीआरसी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समर कैंप में अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीआरसी कार्यालय पर उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिनका समापन 10 जून को गया। इसके बाद बीआरसी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समर कैंप में अच्छा कार्य करने वाले नौ प्रधानाध्यापकों, 11 शिक्षामित्रों व नौ अनुदेशकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर बीआरसी कार्यालय पर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विवेक बंसल, एडीओ पंचायत अनिल कुमार आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, अजय पांडे, शरद गहलौत, राजीव कुमार, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में युवती सहित दो घायल

### घायलों का उपचार कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हरेवली मार्ग पर बुधवार को दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवती सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी चिकित्सक से उपचार दिलाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गाँव तिसोतरा निवासी प्रियांशु पुत्र धर्मपाल बाइक से अपनी मौसी के घर से वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह शेरकोट हरेवली मार्ग स्थित एक कॉलेज के नजदीक पहुंचा तो भगोता निवासी हर्षित पुत्र राजपाल की बाइक से भिड़ंत हो गई। हर्षित अपनी बहन आरती को प्रैक्टिकल दिलाने कॉलेज जा रहा था। भिड़ंत में आरती और प्रियांशु चोटिल हो गए। वहीं दूसरी घटना चुंगी नंबर 5 के निकट हुई जहां एक तेज रफ्तार कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होते हुए रेलिंग से जा टकराई। कार ठाकुरद्वारा निवासी हर्षित सक्सेना पुत्र विनय सक्सेना चला रहा था। गनीमत रही कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ और केवल कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ।

# कृषि वैज्ञानिकों की टीम का दौरा आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जाने वाली जानकारी के लिए वैज्ञानिकों की टीम विकास खंड 9 ग्राम पंचायतों का गुरुवार को दौरा करेगी।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के एडीओ कृषि अनमोल तोमर ने बताया कि गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत 9 ग्राम पंचायतों में भारतीय अनुसंधान संस्थान दिल्ली, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना एवं उप कृषि निदेशक बिजनौर, गन्ना विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी गण ग्राम खिजरपुर, हरगनपुर व हकीमपुर नारायण में प्रातः 8:00 बजे, रायपुर लकड़ा, मटौरा दुर्गा एवं पाली जट में पूर्वाहन 11:00 बजे एवं अल्हैदादपुर मुबारक उर्फ नवादा चौहान, खेतापुर व पपसरा में अपराह्न 3 बजे से किसानों को संबोधित करेंगे। इस अभियान के अंतर्गत किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया जाएगा और भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी सभी कृषकों से आग्रह है अपनी सुविधा अनुसार अपने निकटतम गांव में अभियान में सम्मिलित होकर कृषि वैज्ञानिकों के विचार सुने एवं अपनी कोई खेती से संबंधित समस्या हो उसका भी समाधान पाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में...**

प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुए कहा कि परिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-1 और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है। अध्ययन में कहा गया है कि गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को गर्मी और बाढ़ दोनों का सामना करना पड़ेगा, जिससे इन प्रदेशों के 80 प्रतिशत से अधिक जिले प्रभावित होंगे। आईपीई ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समूचे विश्व के दक्षिणी भाग खास तौर पर भारत दोहरे नुकसान में हैं, जो विकास के लिए संघर्ष करते हुए जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई, भूमि-उपयोग में बदलाव, आर्द्रभूमि और झाड़ियों एवं इसी प्रजाति के पेड़ों का विनाश देश के स्थानीय जलवायु संकट को बढ़ा रहा है। इन मानव-जनित परिवर्तनों के कारण कई संवेदनशील जिलों में भूमि उपयोग में 63 प्रतिशत बदलाव आया है। अध्ययन में आह्वान किया गया है कि उपग्रह डाटा और जलवायु मॉडल का उपयोग करने वाली राष्ट्रीय जलवायु संकट वेधशाला (सीआरओ) का जिला स्तर पर गठन किया जाए, ताकि इस बाबत स्थानीय कार्रवाई की अगुवाई हो सके। गौरतलब है कि भारत पहले से ही जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। तत्काल और व्यापक कार्रवाई के बिना ये प्रभाव और भी गंभीर हो जाएंगे, जिससे जीवन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के खतरे में पड़ने की आशंका है।

**संत परंपरा....**

कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास जी महाराज के गुरु संत रामानंद जी महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास जी ने कहा था मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरशः लागू किया। कोरोना जैसी महामारी से अब तक 81 करोड़ लोगों को अन्न वितरण कराया जा रहा है और यही संतों की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि रविदास जी महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थी, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास जी महराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई। योगी ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है, पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास जी महाराज, स्वामी ओमानंद जी महाराज, निर्मल दास जी महाराज, गुरुदीप गिरि जी महाराज, केशवनानंद जी महाराज, सत्यानंद जी महाराज, सतीश दास जी महाराज, विज्ञानानंद जी महाराज, सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलदेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में वकीलों के चैबरों पर गरजा बुलडोजर, तोड़फोड़

**प्रयागराज।** कचहरी परिसर में बनाए गए सैकड़ों अस्थायी अधिवक्ताओं के चैंबर को हटाने की प्रयागराज नगर निगम की कार्रवाई के दौरान बवाल हो गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के विरोध में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। वकीलों के चैंबर के साथ करीब 1000 से अधिक दुकानों को भी तोड़ दिया गया। विरोध में वकील और दुकानदार सड़कों पर उतर आए और टूटी कुर्सियां और फर्नीचर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया गया, कई जगह आगजनी हुई, जिससे पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। वकीलों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को विश्वासघात बताया और कहा कि नगर आयुक्त से पहले ही मांग की गई थी कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना चैंबर न तोड़े जाएं।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
वि० / यॉ० खण्ड, लो०नि०वि०, मुरादाबाद

पत्रांक 1395 / नीलामी | नीलामी सूचना | दिनांकः– 05.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित पुरानी निष्प्रोज्य सामग्री की सार्वजनिक नीलामी जैस है जहॉ है के आधार पर ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। नीलामी से सम्बन्धित विवरण नियम /शर्ते वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनॉक 13.06.2025 से 26.06.2025 तक उपलब्ध रहेगा। नीलामी बोली अंकित कर दिनॉक 26.06.2025 को 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। नीलामी की टैक्नीकल बिड दिनॉक 26.06.2025 को 3:00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

निष्प्रोज्य सामग्री की नीलामी का विवरण

| क्र० स० | समग्री का नाम | मात्रा | समग्री का स्थान जहॉं सामग्री है। | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 1.5 टन विण्डो टाईप ए०सी० | 12 नग | सर्किट हाउस मुरादाबाद | 3600 /– |
| 2 | 1.5 टन स्पिलिट टाईप ए०सी० | 12 नग | सर्किट हाउस मुरादाबाद | 4200 /– |

(मनीष सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
वि० / यॉ० खण्ड, लो०नि०वि०, मुरादाबाद।

UPID-234807, DATE-10/06/2025
WEBSITE-www.up.gov.in



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दलित युवक पर जानलेवा हमला

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बेगराजपुर में दो संप्रदाय में पूर्व में लड़की छेड़छाड़ के मामले को लेकर एक संप्रदाय के युवकों ने दूसरे संप्रदाय के युवक को घर जाने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही इस मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक पक्ष के मारने वाले तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर पांच के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ धामपुर के नेतृत्व में पुलिस ने गांव मे पैदल गश्त किया तथा गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया। उक्त वीडियो में मारपीट होती हुई नजर





आ रही है, इसके बाद पुलिस प्रशासन गांव पहुंचा। बताया जा रहा है कि एक संप्रदाय की लड़की के साथ पूर्व में छेड़छाड़ को लेकर विवाद हुआ था तथा दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बुधवार को सुबह करीब 10:00 बजे दलित समाज का एक युवक मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि जब वह गांव की मस्जिद के बाहर के रास्ते से निकल कर घर जा रहा था। इसी दौरान दूसरे संप्रदाय के एक युवक ने अन्य दो युवकों के साथ उसे रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट शुरू कर दी। उसे जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह से वह उनके चंगुल से निकल कर घर की तरफ को भागा। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल गिर गई। साथ ही आरोपी लाठी डंडे लेकर घर की तरफ आए तथा जाति सूचक शब्द कहते हुए घर के सामने गाली गलौज तथा जान से मारने व झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इस मामला का पुलिस को पता लगने पर पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना का पता लगने पर सीओ धामपुर अभी नारायण पांडे मय फोर्स के मौके पर पहुंचे तथा मामले की ग्रामीणों से जानक. ारी ली। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सीओ धामपुर, प्रभारी निरीक्षक धामपुर राजेश चौहान, थानाध्यक्ष नहटौर धीरज नागर, उप निरीक्षक जितेंद्र तोमर, भारत सिंह मयफोर्स के गांव में पैदल गश्त करके ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि घायल युवक ऋतिक पुत्र खेमचंद का मेडिकल कराने के बाद उसके पिता खेमचंद पुत्र तुलसी की तहरीर पर गांव निवासी अजीमु पुत्र ना मालूम, जीशान, फरमान, गुलफाम पुत्र वहाजुद्दीन, आमिर पुत्र इरफान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस को तैनात कर दिया गया है, गांव में शांति है।

## एक नजर

### बाबर नगर प्रभारी नियुक्त



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने मौहल्ला वाहिद नगर निवासी युवा व्यापारी मौहम्मद एहतेशाम उर्फ बाबर को संगठन का नगर प्रभारी मनोनीत किया है। शाहिद सिद्दीकी ने उनसे आशा जताते हुए कहा कि वह संगठन को सक्रिय रहते हुए मजबूत करने का काम करेंगे साथ ही व्यापारी हितों को ध्यान में रखकर कार्य करेंगे। नव मनोनीत नगर प्रभारी बाबर ने नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन में उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे।

### राहगीरों को पिलाया शरबत



**सहसपुर।** मुस्लिम फंड के सामने वार्ड नंबर 13 के सभासद जफरूद्दीन अजमी के द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। जिससे राहगीरों को कुछ हद तक राहत प्राप्त हुई। छबील के आयोजन में शामिल युवाओं का कहना है कि ये हमारे लिए खुशी के बात है कि हमारे सभासद हमारे साथ-साथ लोगों को राहत पहुंचने में लगे हुए हैं। सभासद जफरूद्दीन अजमी ने कहा कि इस गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए एक छोटा सा प्रयास हैं। इस मौके पर अरीब अतहर, डॉ. हैदर, अर्शी, मौलाना रमजी और वार्ड नंबर 13 के सभी लोगों ने अपना सहयोग दिया।

### बाइक सवार तीन युवक घायल

**राजा का ताजपुर।** स्योहारा रोड पर स्थित ग्राम शेखपुरा पट्टी के सामने बाइक सवार तीन युवक अचानक भैंसा से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल युवक मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी अहसान पुत्र वकास अहमद, सुहैल पुत्र अतीक अहमद व आबिद पुत्र ईनाम बताए जाते है। तीनों को क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आबिद व सुहैल को मामूली चोटें आई है। वहीं अहसान की गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया है। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# महिला पर पति को जहर देकर मारने का आरोप



मृतक दिलशाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम फुलसन्दा खाकम में एक महिला पर अपने पति को जहर देकर मारने का आरोप लगा है। जहर के सेवन से उसकी मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले मे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम फुलसन्दा खाकम निवासी दिलशाद पुत्र अख्तर उम्र 30 वर्ष की शादी रुखसाना मौहल्ला ठाकूरान कस्बा थाना बढ़ापुर जनपद बिजनौर के साथ शादी हुई थी। आरोप है कि दिलशाद की पत्नी अपने मायके वालों के साथ मिलकर दिलशाद को परेशान करती थी। आरोप है कि चार माह पूर्व वह अपना सामान अपने मायके ले गई

### शव पीएम को भेजा

तथा 9 जून 2025 को देर शाम करीब 7:00 बजे वह गांव फुलसन्दा खाकम बिना सूचना दिए अपनी ससुराल आ गई तथा बुधवार की प्रात: किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। कहासुनी के तहत दिलशाद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए के परिजन ले जा रहे थे। साथ ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। दम तोड़ने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दिलशाद के भाई अशरफ पुत्र अख्तर ने दिलशाद की पत्नी रुखसाना पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मृतक युवक के भाई अशरफ के द्वारा तहरीर प्राप्त हो चुकी है। पीएम के लिए शव को भेज दिया गया है। पीएम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भीषण गर्मी में फट रहे वाहनों के टायर

## भट्टी की तरह तप रहीं सड़कें, टायर हो रहे खराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव सामने आने लगे है। भीषण गर्मी की वजह से जहां इंसान व पशु-पक्षी भी परेशान है, वहीं अब वाहनों के इंजन गर्म होकर बंद होने व हाईवे पर टायर फटने की घटनाएं भी हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होकर रह गया है। जहां छोटे-छोटे घर भट्टी की तरह तप रहे है, वहीं सड़कों पर आसमान से आग बरस रही हैं। भरी दोपहरी में घरों से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। भीषण गर्मी का असर सड़कों पर देखा जा सकता है। दोपहर में तो ऊपर आसमान से आग बरसती है और नीचे सड़कें भट्टी की तरह तपती है। सड़कों पर दोपहर में वाहन चलाना इस भीषण गर्मी में खतरे से खाली नहीं है। सड़कों एवं खासतौर पर हाईवे के तपने की वजह से तेज रफ्तार वाहन चलाने से हादसे की





संभावना बढ़ रही है। आज शेरकोट में एक तेज रफ्तार कार का टायर भीषण गर्मी की वजह से फट गया। टायर फटने की वजह से कार दूसरे वाहन से टकरा गई। सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई। जनपद से गुजर रहे नेशनल हाईवे पर इस तरह की घटनाएं हो रही है। कारों व ट्रकों सहित दुपहिया वाहनों में पंचर हो रहे है। जरा सी बजरी लगने पर टायर में कट लग रहा है। दोपहर में गर्म हुई सड़कें देर शाम तक नार्मल हो पाती है। इसी लिए ज्यादातर जागरूक वाहन चालक भरी दोपहरी में सफर करने से बच रहे है। दोपहर में सड़कों पर वाहनों के कम चलने की वजह भी टायरों में नुकसान होने को बताया जा रहा है। तजुर्बेकार चालकों का कहना है कि भीषण गर्मी के मौसम में ट्यूबलैस टायरों में हवा पूर्व की तुलना में कम रखनी चाहिए। क्योंकि वाहनों के चलने से ऐसे टायरों में हवा का प्रेशर अपने आप बढ़ जाता है। ज्यादा प्रेशर पढ़ने से कमजोर टायरों के फटने की संभावना भी बनी रहती है। ऐसे में टायरों को बदलवा लेना चाहिए। कमजोर टायरों में पंचर भी ज्यादा होते है। वैसे भी भरी दोपहरी में नागरिक मजबूरी में ही घरों से बाहर निकल रहे है। गर्मी से बचने के लिए तौलिया व रूमाल गीला करके सिर पर रखा जा रहा है। तब थोड़ी राहत मिल रही है। जब तक बारिश नहीं होती है, तब तक इसी तरह भीषण गर्मी पड़ती रहेगी और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहेगा।

# कोर्ट के आदेश पर 36 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**आफताब आलम मलिक**

**स्याऊ।** कारोबारी के साथ 36.50 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर अदालत के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ थाना चांदपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

प्राप्त समाचार अनुसार पीड़ित सचिन अग्रवाल पुत्र देवेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी मौहल्ला बाजार, कस्बा चांदपुर ने दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि उसकी जान-पहचान कपिल पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम जहांगीरपुर, मजरा ज्ञानपुर उर्फ रूपपुर एवं हॉल निवासी धनौरा रोड, भगत जी के पेट्रोल पम्प के सामने, मौहल्ला सरायरफी, कस्बा व थाना चांदपुर से थे। लगभग एक वर्ष पूर्व विपक्षी कपिल पुत्र जयप्रक. ाश एवं जयप्रकाश के साथ ही धर्मेन्द्र पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम हिरनाखेड़ी ने अपने शोरूम बजाज चौधरी ऑटोमोबाइल, चांदपुर पर बुलाया और शोरूम में अधिक गाड़ी लाने के लिए 50 लाख रुपए की मांग की। प्रार्थी के पास 50 लाख रुपए नहीं थे, तो उसने आरोपियों को 50

### कपिल सहित तीन नामजद

लाख रुपए देने से इंकार कर दिया। विपक्षीगण ने फिर प्रार्थी से जोर देकर कहा, तो प्रार्थी ने इन्हें 36 लाख 50 हजार रुपए दे दिए। विपक्षीगणों ने छह माह में उपरोक्त रकम वापस करने का वादा किया था। लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद भी विपक्षीगणों ने उधार लिए गए रुपए वापस नहीं किए और कुछ न कुछ बहाना बना कर टालते रहे। जब विपक्षीगणों पर जोर दिया गया, तो कपिल ने दो माह पूर्व 36 लाख 50 हजार रुपए का अपने एचडीएफसी बैंक में मौजूद खाते का चैक संख्या 000346 भर कर दे दिया और उससे कहा कि 19 मार्च, 2025 को यह चैक जमा करके रुपए निकाल लेना। जब प्रार्थी ने 19 मार्च को यह चैक अपने पंजाब नेशनल बैंक चांदपुर के खाते में जमा किया, तो 24 मार्च को बैंक ने यह कहते हुए चैक वापस कर दिया कि खाता धारक ने लेन-देन पर रोक लगवा रखी है। बैंक ने प्रार्थी को रिर्टन मैमो चैक सहित वापस कर दिया। इसके बाद 25 मार्च को विपक्षीगण ने अपने घर बुलाकर गंदी-गंदी गालियां दी और कहा कि तुझसे रुपए वापस करने के लिए नहीं लिए थे। आरोपियों के द्वारा धमकी देते हुए कहा गया कि अपनी जान जोखिम में मत डाल। वरना बेमौत मारा जाएगा। जिससे प्रार्थी के पैरों तले से जमीन खिसक गई। विपक्षीगणों ने एक राय होकर षडयंत्र रचते हुए उसके साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में उसने थाना चांदपुर में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। लेकिन उन्होंने भी कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन/न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कपिल, जय प्रकाश व धर्मेन्द्र के विरूद्ध बीएनएस की धारा 61 (2), 318 (4), 316 (2), 338, 336 (3), 340 (2), 352 व 351 (3) के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# संत कबीर के प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा

## समाजसेविका रीता भुइयार सहित अन्य ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भुइयार समाज उत्थान समिति के द्वारा संत कबीर के 628 वें प्रकटोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शोभायात्रा का शुभारंभ प्रदर्शनी मैदान से किया गया। भुइयार समाज उत्थान समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व में शोभायात्रा प्रदर्शनी मैदान से कलेक्ट्रेट, विकास भवन, डाकघर सिविल लाइंस होते हुए नगीना मार्ग स्थित बैंकट हॉल पर पहुंची। यहां विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संत कबीर के जीवन काल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं जालौन के जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी विशेष तौर पर मौजूद थे। साथ ही संतोष कुमार वर्मा, बलजीत, बलवंत, राजपाल, विजयपाल, मंगू सिंह, घनश्याम, अनुरागी, करन पाल, विजय पाल, सुभाष आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर संत कबीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व सांसद एवं जालौन के जिला





पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि समाज के युवाओं को आगे आकर देश व समाज के हित में काम करने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं का जागरूक होना बहुत जरूरी है। जब युवा जागरूक होगा, तो समाज भी तरक्की करेगा। समिति के अध्यक्ष करनपाल भुइयार ने कहा कि भुइयार समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राजनीतिक दृष्टि से भी अपनी मजबूत सहभागिता बनाने का आह्वान किया। कार्यकारी अध्यक्ष बलवंत सिंह ने समाज के लोगों से संगठित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। भोले सिंह ने कहा कि संत कबीर ने अपने लेखन से भक्ति आंदोलन को बहुत प्रभावित किया। कबीर ने दोहों के जरिए समाज में चल रहे कई भेदभाव व पाखंड को समाप्त करने की कोशिश की। लोगों का मानना है कि आज भी कबीर के दोहे लोगों को मानवता, प्रेम व मानवता का रास्ता दिखाते हैं। समाज को संत कबीर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में बाइक व ट्रैक्टर-ट्राली में सवार लोगों के अतिरिक्त हजारों पैदल लोग शामिल रहे। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र संत कबीर से जुड़ी झांकियां रही। बैंड संत कबीर की वाणी बजाते चल रहे थे। जिससे नगर का वातावरण संत कबीर मय हो गया। शोभायात्रा का जगह-जगह कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की भी भागीदारी रही। कोषाध्यक्ष सुभाष सिंह, मंत्री ओंकार सिंह, महा सिंह, शेर सिंह, गोपाल सिंह, गजेंद्र सिंह एड., नरेंद्र सिंह, भोले सिंह शाद. ीपुर, नाथे सिंह भुइयार, रोहित कुमार आदि ने विचार रखे।

भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी, भुइयार समाज सेल्फ केयर टीम और नूरपुर क्षेत्र के टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्षता समिति संरक्षक राजपाल भुइयार ने तथा संचालन महामंत्री बलजीत सिंह ने किया। गोष्ठी के बाद आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

दूसरी तरफ जनपद की प्रमुख समाजसेविका एवं भुइयार समाज को जागरूक करने के लिए काम कर रही रीता सिंह भुइयार एड. ने भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। अखिल भारतीय भुइयार महासभा के द्वारा नुमाइश ग्राउण्ड पर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें एड. रीता भुइयार सहित डॉ. कैलाश, सूरज सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंद्रपाल सिंह, केपी सिंह, डॉ. संजीव भुइयार, देशराज भुइयार एड., राजेन्द्र सिंह भुइयार, केशव शरण भुइयार आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# भीषण गर्मी में जानवर व आम आदमी परेशान

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही गर्मी ने इंसानों के साथ-साथ परिंदों और पालतू जानवरों को भी बेहाल कर दिया है। आज अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिससे आमजन का घर से निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में भी चहल-पहल कम रही। वहीं, छांव और पानी की तलाश में पक्षी इधर-उधर भटकते नजर आए। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम आदमी तो परेशान है ही, लेकिन सबसे ज्यादा असर मासूम परिंदों और जानवरों पर पड़ रहा है। छांव और पानी के बिना दम तोड़ते पक्षियों की तस्वीरें अब आम होती जा रही हैं। जगह-जगह पक्षी बेसुध हालत में जमीन पर गिरते देखे गए। स्थानीय निवासी व समाजसेवी लोगों ने पशु-पक्षियों के लिए घरों की छतों और पेड़ों पर पानी के बर्तन रखने की अपील की है। कुछ स्थानों पर युवाओं ने मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर पक्षियों के लिए इंतजाम भी किए हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि लगातार गर्मी से जानवरों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्या बढ़ रही है। गांवों और कस्बों में बिजली की आंखमिचौली ने भी लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। दिन के समय कूलर-पंखे बंद होने से घरों के अंदर गर्मी और उमस का माहौल बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों ने धूप में निकलने से बचने, हल्के कपड़े पहनने और अधिक से अधिक पानी पीने की अपील की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सरिए से लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत

## आक्रोशित भीड़ ने ट्रैक्टर चालक को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के कोतवाली मार्ग पर वालिया होटल के निकट एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के नीचे आकर स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे ट्रैक्टर चालक पर लोगों में गुस्सा भड़क गया और आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक की जमकर पिटाई की।

बुधवार की सायं को कोतवाली मार्ग पर स्थित वालिया रेजीडेंसी के सामने अनियंत्रित सरिए से लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की खबर सुनते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित भीड़ ने ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी । जिसमें ट्रैक्टर चालक भी घायल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

ट्रैक्टर चालक अकील ग्राम हिंदूपुर कोतवाली की दिशा में ट्राली पर सरिया लाद कर ले जा रहा था। अचानक ट्रैक्टर के सामने वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया और दूसरी दिशा से आ रहे स्कूटी सवार को चपेट में ले लिया, स्कूटी सवार ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल स्कूटी सवार को ट्राली के नीचे से निकला और एंबुलेंस बुलाकर समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने 24 वर्षीय कपिल कुमार पुत्र राजेश निवासी किरतपुर को मृत घोषित कर दिया और जानकारी पर पता चला कि मृतक युवक विद्युत विभाग में लाइनमैन था।

## ब्रश फैक्ट्री पर छापा नकली माल बरामद

**शेरकोट।** पुलिस ने एक ब्रश फैक्ट्री में छापा मारकर नकली ब्रांडेड ब्रश बरामद किए हैं। पुलिस ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ईगल ब्रश के मालिक दिल्ली निवासी विकास सूद और रवींद्र सूद ने पुलिस को शिकायत की थी कि मोहल्ला समना सराय में उनके रजिस्टर्ड ब्रांड ईगल के नाम से नकली ब्रश बनाए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर इंचार्ज विपिन कुमार ने पुलिस कर्मियों और शिकायतकर्ताओं के साथ मिलकर मोहल्ला समना सराय में लवली ब्रश इंडस्ट्री में छापा मारा। पुलिस को देखकर वहां काम कर रहे वर्कर और इंडस्ट्री स्वामी भाग गए। मौके से पुलिस को ईगल ब्रांड के नाम से बनाए जा रहे ब्रश और अन्य सामान बरामद हुए, जिन्हें सील कर थाने ले जाया गया। पुलिस ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।ईगल ब्रश के मालिकों ने पुलिस को बताया कि नकली ब्रश बनाकर बेचने से उन्हें न केवल आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है, बल्कि बाजार में उनकी साख भी खराब हो रही है।

# धामपुर उपजिलाधिकारी से रुपयों की डिमांड

## पुलिस ने शिवांश को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वयं को किसान संगठन का पदाधिकारी बताते हुए उपजिलाधिकारी धामपुर से रुपयों की डिमांड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मटौरामान निवासी शिवांश सिंह पुत्र स्व. देवेन्द्र सिंह ने वाट्सएप के माध्यम से धामपुर की उप जिलाधिकारी को कॉल की थी। उसने स्वयं को किसान संगठन का पदाधिकारी बताते हुए उपजिलाधिकारी से संगठन के लिए रुपयों की डिमांड की। उपजिलाधिकारी के द्वारा धामपुर पुलिस को इस संबंध में कार्रवाई के लिए कहा गया था। धामपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 170 में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शिवांश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि आज कल विभिन्न किसान संगठन अस्तित्व में आ गए है। कई ऐसे किसान संगठनों के नाम सामने आते है, जो किसानों के बीच सक्रिय नहीं है। रौब गालिब करने के लिए गाड़ियों पर मोटे अक्षरों में किसान संगठन का नाम लिखकर उस पर अपना पद भी प्रदर्शित किया जाता है। इस तरह की गाड़ियों में हूटर भी लगे हुए होते है। जबकि गाड़ियों पर पदनाम व कोई भी नारा लिखना अवैध है। पुलिस भी इस तरह के किसान नेताओं से डरती है। वह थोड़ी सी कमी मिलने पर आम नागरिकों एवं खासतौर पर युवाओं के वाहन का चालान काट देती है। लेकिन उसके द्वारा किसान नेताओं के वाहनों के चालान नहीं किए जाते है। जिससे उनके हौंसले बढ़ रहे है। इस तरह के किसान नेताओं के द्वारा हुटर बाजते हुए सड़कों पर अपने वाहन दौड़ाए जाते है। जिसकी वजह से अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

## एक नजर

### नूरपुर में दीपक गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने ग्राम फतेहाबाद निवासी दीपक पुत्र ओमप्रक. ाश को गिरफ्तार किया है। वादी ने नूरपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त दीपक ने उसके घर पर आकर पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसकी इज्जत लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। दीपक के विरूद्ध 2017 में धामपुर में एक घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

### सचिन व अरमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात थाने में ग्राम रानी कोटा निवासी कुलदीप पुत्र सुरेशचंद ने तहरीर दी थी कि उसकी बाइक को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवेचना के दौरान अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र झड़िया निवासी ग्राम लक्खीवाला एवं अरमान पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी कोटकादर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

### शिवाला में खेम सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने ग्राम आराजी भैंसा निवासी खेम सिंह पुत्र तन्नू सिंह को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। पीड़ित संदीप कुमार सैनी पुत्र हरज्ञान सिंह ने अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### नगीना में पुलिस की गश्त



**बिजनौर।** कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों को सख्त संदेश देने के लिए नगीना में पुलिस बल ने सीओ के नेतृत्व में गश्त की। सीओ का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### बलात्कारी जैद अंसारी गिरफ्तार

**बिजनौर।** मण्डावली पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी जैद अंसारी पुत्र मोहसिन निवासी ग्राम श्यामीवाला को गिरफ्तार किया है। वादिनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी जैद अंसारी उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

### बढ़ापुर के निखिल ने लूटी इज्जत

**बिजनौर।** थाना किरतपुर में 12 मार्च को वादी ने तहरीर दी थी कि थाना बढ़ापुर के ग्राम इस्लामाबाद निवासी निखिल पुत्र संदीप उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शुरूआत में धारा 137 (2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 87/64 (1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की। पुलिस ने निखिल को गिरफ्तार कर लिया है।

### हल्दौर में अवनीत गिरफ्तार

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में ग्राम खासपुरा निवासी अवनीत पुत्र राजीव सिंह उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार किया है। अवनीत सहित अन्य अभियुक्तों के खिलाफ ग्राम खासपुरा निवासी शुभम कुमार पुत्र वीरभान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### समीपुर नहर से लाश बरामद

**बिजनौर।** नजीबाबाद थाना अंतर्गत समीपुर नहर से आज एक लाश बरामद हुई। नागरिकों ने जब समीपुर नहर में लाश बहती देखी, तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश को बाहर निकलवाया। लाश काफी खराब हालत में थी। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लाश किसी दूसरी जगह से बहकर यहां पर आई है।

### राष्ट्रीय चालक एकता दिवस मनाया

**बिजनौर।** आज विकास भवन परिसर में स्थित संघ कार्यालय राजकीय वाहन चालक (विकास विभाग) में आल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन का 31वां स्थापना एवं राष्ट्रीय चालक एकता दिवस राजकीय वाहन चालक महासंघ जिला शाखा बिजनौर के द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काटकर एवं वृक्षारोपण कर मनाया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के राजकीय वाहन चालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसमें राजपाल सिंह जिलाध्यक्ष, सुनील दत्त शर्मा जिला मंत्री, संजीव कुमार क्षेत्रीय मंत्री मण्डल मुरादाबाद, हेमराज सिंह कोषाध्यक्ष, विकास पाठक उपाध्यक्ष, ब्रजेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, अरविन्द कुमार, यशवीर सिंह, राजीव कुमार, राधेश्याम, अनिल कुमार, सुनील कुमार, राधेलाल इत्यादि वाहन चालकों ने भाग लिया।

### पानी को लेकर मारपीट, एक घायल

**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार में लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय विकास कुमार निवास करती है। आठ जून को सुबह लक्ष्मी देवी अपना समरसेबल चलाकर सफाई कर रही थी। जिसका कुछ पानी नाली होने के कारण अरविंद कुमार की ओर चला गया, इसके बाद अरविंद कुमार और पत्नी शोभा व उसका बड़ा लड़का अमन कुमार लक्ष्मी देवी के दरवाजे पर आकर दरवाजा खटखटाते हुए महिला के साथ गाली गलौच करने लगे। शोरगुल सुनकर लक्ष्मी देवी का लड़का नमन कुमार दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने को मना करने लगा, तभी अरविंद कुमार ने अपने लड़के के साथ मिलकर नमन कुमार को खींचकर मारना शुरू कर दिया। मारपीट में अरविंद कुमार की पत्नी शोभा ने लक्ष्मी देवी के बाल पकड़ कर सड़क पर खींचकर उनके कपड़े फाड़ दिए। इतने में ही लक्ष्मी देवी के बड़े लड़के हर्ष कुमार ने जाकर बीच बचाव करने की कोशिश की जिस पर अरविंद कुमार तथा उसके बड़े लड़के अमन कुमार ने मजबूत लकड़ी से उस पर वार कर दिया। जिसमें हर्ष के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने अपने दोनों बेटों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का गर्भपात कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** छह माह की गर्भवती महिला को दहेज की मांग पूरी न करने पर गर्भपात की दवा खिला दी गई और फिर घर से बेरहमी से निकाल दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई तो पुलिस से भी दुत्कार मिली।

ग्राम इब्राहिमपुर लाल सेढा निवासी पीड़िता कोलेश पत्नी दुर्गेश कुमार ने पति दुर्गेश सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही पांच लाख रुपये नकद की मांग की जा रही थी। जब उसने मायके से रुपये लाने से इंकार किया तो उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। बात-बात पर लात-घूंसे मारे जाते, कई दिन भूखे रखकर घर का सारा काम कराया जाता। इसी बीच जब वह छह माह की गर्भवती हुई तो पति ने दवा कहकर गर्भपात की गोली खिला दी, जिससे उसका गर्भ गिर गया। **26** अक्टूबर **2024** को जब ससुराल वालों ने फिर पैसे की मांग की और पीड़िता ने असमर्थता जताई तो उसे बेरहमी से पीटकर घर से बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, पीड़िता ने धामपुर कोतवाली में शिकायत की।

पीड़िता ने अब उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# भीषण गर्मी के चलते विद्युत विभाग हुआ सक्रिय

## कठिन परिस्थितियों में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने का प्रयास जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भीषण गर्मी के चलते जहां विद्युत लाइनों पर पड़ रहे अतिरिक्त बोझ के कारण दिन में अने. कों बार फाल्ट होने से बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति से बिजली पानी की समस्या से आमजन जूझ रहा है। वहीं विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग दिन रात एक किए हुए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भीषण गर्मी के चलते विद्युत लाइनों पर भार अधिक पड़ने के कारण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइन में हो रहे हैं फाल्ट से विद्युत आपूर्ति बाधित तो हो रही है, लेकिन विद्युत विभाग भी विद्युत कटौती को कटौती मुक्त बनाए रखने के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। ईएक्स विद्युत राजेंद्र कुमार के निर्देशन में एसडीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता विद्युत नगर रंजीत मौर्या अपनी टीम जिसमें विवेक कुमार, सूर्यमणि, फिरोज अहमद, राहुल कुमार, रेहान हाशमी, समस्त लाइनमैन एवं आनंद कुमार आदि सहित समस्त स्टाफ विद्युत विभाग विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। जिनकी क्षेत्र भर में प्रशंसा भी की जा रही है। इस बारे में अवर अभियंता विद्युत नगर रणजीत मौर्य का कहना है कि हम नागरिकों को भीषण गर्मी में बिजली की समस्या और पानी की किल्लत से जूझने नहीं देंगे। इसके लिए वह और उनकी पूरी टीम दिन रात विद्युत लाइनों की चे. कंग और देखभाल में लगे हुए हैं। मंगलवार और बुधवार के दिन सिटी के अंदर दो से तीन जगह विद्युत प्रवर्तक/ विद्युत ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त लोड पड़ जाने के कारण फाल्ट की सूचना पर उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत सप्लाई को ठीक किया और विद्युत आपूर्ती सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए अपनी सेवाओं को बनाये रखा। अवर अभियंता जेई नगर रणजीत मौर्य ने बताया कि हम नागरिकों को इस भीषण गर्मी में अच्छी सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं और लगातार विद्युत प्रवर्तकों में आई बाधाओं को दूर करते हुए विद्युत अधिकारी और विद्युतकर्मी लगातार विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए लाइनों को ठीक करने में जुटे हुए है। अवर अभियंता का यह भी कहना है कि वह और उनकी टीम विद्युत आपूर्ति में भीषण गर्मी के चलते पड़ रहे लोड के कारण बार-बार फाल्ट हो रहे है। लेकिन हम विद्युत उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार देने और बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं ताकि किसी भी नागरिक को इस भीषण गर्मी में बिजली पानी की समस्या न हो। इसलिए हम दिन रात अपनी टीम के साथ सिटी के हर विद्युत प्रवर्तक/ ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइनों की देखभाल में जुटे हुए हैं और लोड पड़ने पर भी सेवा में ट्रांसफार्मर को ठीक करने अथवा बदलने के लिए तत्काल सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि शहर की जनता को किसी भी तरह विद्युत और पानी की समस्या से जूझना ना पड़े। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा है कि वे जरूरत के हिसाब से ही बिजली का उपयोग करे। क्योंकि ज्यादा और अनावश्यक रूप से बिजली खर्च करना भी गलत है। राष्ट्र हित में बिजली बचाये और विभाग का सहयोग करे। अपने मकानों, दुक. ानों एवं प्रतिष्ठानों पर अनावश्यक रूप से स्विच ऑफ रखें तथा अपने आसपास कहीं पर भी विद्युतलाईन में फाल्ट या तार केबल टूटने की घटना हो तुरंत वह विद्युत विभाग को सूचित करें। ताकि समय रहते विद्युत व्यवस्था को ठीक कर विद्युत सप्लाई को जारी रखा जा सके।


## एक नजर

### मालन नदी से होने वाले कटान का निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा संभावित बाढ़ के दृष्टिगत आज अपराह्न वीरू वाला में मालन नदी से होने वाले कटान का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने बाढ़ के दृष्टि पूर्व में ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मालन नदी की लंबाई और जिन ग्राम पंचायत से मालन नदी होकर गुजरती है आदि की रिपोर्ट बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय आरईएस विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि मालन नदी के खुदाई का कार्य तेजी के साथ कराएं ताकि बरसात से पहले मालन नदी की खुदाई का कार्य पूरा हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि नदी से जुड़ने वाले सभी तालाबों एवं नालों की सिल्ट सफाई का कार्य भी समयपूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी के किनारों पर वृक्ष लगाना भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं को भी सुना और जल्द निस्तारण के लिए आश्वस्त भी किया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एक नीम का पेड़ भी रोपित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, डीसी मनरेगा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तौगी, सहित सिंचाई तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सिडलिंग का भौतिक सत्यापन



**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह के आदेशों के अनुपालन में चांदपुर महिला समूहो की जांच ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बारकतपुर द्वारा की गई। इस दौरान ग्राम फसलपुर पोटा, खासपुरा, रेहटी जागीर, रामपुर बिदार ग्रामों में महिला समूह द्वारा वितरित सीडलिंग का भौतिक सत्यापन किया। जांच निरिक्षण और भौतिक सत्यापन के दौरान वितरित सीडलिंग स्वस्थ्य पाई गई। साथ ही कृषकों से सीडलिंग टिलरिंग की सम्बन्ध में जानकारी लिए जाने पर कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि सीडलिंग लगाते समय कृषको द्वारा सेकेंडरी एड ट्रेस एलिमेंट को डोज भी दी जाने की कारण सीडलिंग अच्छी चलना बताया। बेसल डोज में कैल्शियम न्ट्रेट, सल्फो जिंक, बायो पोटाश आदि की प्रयोग से फसल अच्छी चल रही है। रामपुर बिदार में स्थापित पार्वती महिला समूह की महिलाओं से सीडलिंग तैयारी से वितरण की एक्टिविटी को जाना। जिसमें समूहो द्वारा नये नये बीज की मांग की जाती है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बारकतपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक चांदपुर द्वारा समूह द्वारा भविष्य में और मांग के अनुसार सीडलिंग तैयार करने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब बात यह है कि सीडलिंग से जहांप्रति हेक्टर बीज कम लगता है। वही शत प्रतिशत शुद्ध बीज किसानों को उपलब्ध होता है।

# तार जलने से कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप

## ग्राहकों से भरे बाजार में टूट कर गिरा जलता हुआ तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला अकबरान स्थित मीना मार्केट में बिजली के तारों में आग लग गई। जिसपर सभासद सय्यद उस्मान जैदी की शिकायत पर जेई अपनी टीम के साथ पहुंचे और तार को जोड़ दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद फिर दोबारा जल गया, जिससे बाजार में भगदड़ मच गई।

घटना बुधवार शाम लगभग साढ़े छह बजे की है जब मीना बाजार ग्राहकों से खचाखच भरा तभी अचानक बिजली के तार में आग लग गई और वह फुलझड़ी की तरह पटाखा बमों की आवाज करते हुए जलने लगा। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई और पलक झपकते ही मार्केट खाली हो गया। गर्मी के मौसम में दुकानदारों द्वारा धूप से बचने के लिए डाली गई पन्नियों व तिरपालों पर तार जलकर टूट कर गिर गया। जिससे कोई राहगीर घायल नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद वह सड़क पर आ गिरा। जिससे कई दुकानदारों के तिरपाल, पन्नियां, कपड़े, जूते चप्पल जल गए। बताया जा रहा है के कुछ देर पहले भी उक्त तार इसी तरह जला था और उसकी मरम्मत की गई थी, लेकिन किसी टेक्निकल फॉल्ट के चलते यह दोबारा और भयंकर तरीके से जल गया। सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने उक्त एबीसी तार को बदलने के निर्णय पर अमल करते हुए नया तार मंगाकर बदलना शुरू कर दिया।

मौके पर मौजूद सभासद सैयद उस्मान जैदी ने बताया कि यह आज तारों में दोपहर भी लगी थी जिसकी शिकायत जेई व एसडीओ से की गई थी। जिस पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा इसे ठीक कर दिया गया था। लेकिन कुछ ही घंटे बाद आग दोबारा लग गई। जूता व्यापारी निजामुद्दीन उर्फ गुड्डू ने बताया के उनकी दुकान पर कई जोड़ी चप्पल जल गए। जबकि उनके पड़ोसी की दुकान के भी कई जोड़ी कपड़े जल गए।

भीषण गर्मी में लगी इस आग से विद्युत आपूर्ति कई घंटों के लिए ठप्प हो गई और क्षेत्र के लोग परेशान रहे। इस अप्रत्याशित लंबे ब्रेकडाउन से इनवर्टर भी डाउन हो गए। सभासद गोपाल शर्मा भी भागदौड़ कर लाइन चालू कराने के प्रयास करते हुए नजर आए।

# नदी किनारे शव मिलने से सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो नदी के समीप स्थित नर्सरी में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी **38** वर्षीय सलीम पुत्र अब्दुल हमीद अक्सर घर से बिना बताये चला जाता था। उसकी पत्नी ने भी नशे की लत के कारण उससे तलाक ले लिया था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को दोपहर से वह घर से गया हुआ था और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलीम की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वृद्ध महिला को कुत्ते ने काटा



**अफजलगढ़।** बढ़ती गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं आवारा व पालतू कुत्ते भी धीरे-धीरे खूंखार साबित हो रहे हैं । जिस कारण घटनाएं रुकने नाम नहीं ले रही हैं। एक वृद्ध महिला को पालतू कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। महिला ने कुत्ते के स्वामी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी दुलारी देवी (56 वर्ष) पत्नी मुन्ने गांव में ही अपनी देवरानी के घर जा रही थी कि रास्ते में प्रेम राज के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। जिससे दुलारी देवी घायल हो गई। घायल वृद्ध महिला को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। महिला दुलारी देवी ने प्रेम राज के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# सऊदी अरब से शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरदीवाला में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब 38 वर्षीय लोकेंद्र उर्फ रिंकू का शव सऊदी अरब से उनके घर पहुंचा। लोकेंद्र की मौत सड़क हादसे में हो गई थी, जो 27 अप्रैल को रियाद शहर में हुई थी। मृतक का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार लोकेंद्र सऊदी अरब में एक कंपनी में हेल्पर के रूप में कार्यरत थे। लगभग सात महीने पहले ही रोजगार के लिए सऊदी अरब गए थे। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और घर भी कच्चा है। लोकेंद्र के तीन बच्चे हैं। जिनमें दो बेटियां व एक बेटा है। बताया जाता है कि हादसा उस समय हुआ था जब लोकेंद्र सड़क किनारे बैठकर भोजन कर रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी। मंगलवार की देर शाम लोकेंद्र का शव 45 दिन बाद भारत लाया गया। शव के गांव में पहुचते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। लोकेंद्र के पिता हर्षस्वरूप ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और लोकेंद्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा लड़का मौहम्मद नाजिम व उसकी पत्नी राशिदा खातून मुझसे व मेरी पत्नी से मारपीट करती है। इनकी हरकतों से मैं व मेरा परिवार तंग आ चुका है। जिसकी वजह से मैंने काफी सोच-समझ कर इनसे संबंध विच्छेद करने का निर्णय लिया है। मैं मौहम्मद नाजिम व उसकी पत्नी राशिदा खातून को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-अब्दुल रशीद पुत्र मौहम्मद इशहार निवासी मौहल्ला काजी सराय अव्वल, थाना नगीना, तहसील नगीना, जनपद बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. जावेद मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा गलत संगत में रहने लगा है। मेरी नाफरमानियां करता है तथा आएदिन इधर-उधर झगड़ा इत्यादि कर लेता है। नशा भी करता है। जिस कारण मेरी व मेरे परिवार की समाज में छवि धूमिल हो रही है। अक्सर मुझसे व परिवार वालों से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। मुझे अंदेशा है कि भविष्य में किसी आपराधिक घटना को भी अंजाम दे सकता है। इसकी इन्ही हरकतों से तंग आकर मैंने अपने पुत्र से समस्त प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है तथा अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन-देन, झगड़ा फिसाद व अपराध आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **बब्बन पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला पठानपुरा, कस्बा, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उ.प्र.।**

# जनपद में हीट वेब चलने की संभावना

## हीट वेव से बचाव के उपाय बताए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने प्रमुख भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग राज्य मौसम पूर्वानुमान केन्द्र लखनऊ के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि मौसम पूर्वानुमान अन्य जिलों के साथ-साथ जिला बिजनौर में हीट वेव (लू) चलने की सम्भावना हैं। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है, जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है।

आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता हैं, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जाने से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जाती है। हीट वेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते हैं।

उन्होंने सर्वसाधारण को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय बिजनौर हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सूचित करते हुए बताया है कि हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें। उन्होंने बताया कि कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडे पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमल करें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करे। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, षटर आदि का इस्तेमाल करे, रात में खिडकियों खुली रखे।

उन्होंने हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें बताया कि बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें, क्योकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं।

दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुली रखें।

## एनएचएआई ने छबील लगाकर शरबत पिलाया

**कोतवाली देहात।** कस्बे में ओवर ब्रिज के नीचे एनएचएआई द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया। इस दौरान हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

मंगलवार को कोतवाली देहात में बन रहे ओवर ब्रिज के नीचे शिविर लगाया गया। शिविर में यात्रियों को मीठा शर्बत तथा हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर हरप्रीत सिंह ने बताया कि ओवर ब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए एनएचएआई द्वारा शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड डालने का काम जल्द ही पूरा किया जाएगा। तीन महीने के भीतर ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा कर चालू कर दिया जाएगा। इस दौरान अरुण आदेश शुक्ला, आशीष शर्मा, मुकेश कुमार शहजाद आदि मौजूद रहे।

# सूर्य नमस्कार को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में किया जाए सम्मिलित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में वॉकिंग के पश्चात गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर के सभी सदस्यों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

योग विषय पर चर्चा करते हुए कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर योग के महत्व को समस्त विश्व को समझाते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सहमत किया। इसके लिए वास्तव में सरकार बधाई की पात्र है, किंतु इस योग दिवस में आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार जिसमें स्वयं में 12 आसन सम्मिलित है, को सम्मिलित न करना उचित नहीं है। कहते हैं यदि अकेला सूर्य नमस्कार ही लिया जाए तो और किसी अन्य आसन करने की आवश्यकता ही नहीं है। सूर्य नमस्कार एक ऐसा आसन है जो मस्तिष्क और शरीर दोनों को लाभ पहुंचता है। इसके अभाव में वास्तव में योग अपूर्ण है। अत: हम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि सूर्य नमस्कार को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित किया जाए, जिससे हमारी युवा पीढ़ी इसे जान सके और इससे लाभान्वित हो सके। योगासन में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, एडवोकेट राजीव चौहान, एड. अनिल कुमार भटनागर, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक आशाराम सिंह, कमलवीर सिंह, राम मूर्ति गौतम, राकेश कुमार शर्मा, रतीराम, संजीव कुमार बिश्नोई, डॉ. प्रमोद कुमार आदि की उपस्थित रहे।

# लापता युवक का शव मिला



## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** लापता युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

गांव हरचंदपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र संजय कुमार उम्र 32 वर्ष मंगलवार से गायब था। इसके साथ ही उक्त युवक शराब पीने का आदी था। मंगलवार से ही परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। बुधवार की सायं 4 बजे नांगल चंदक मार्ग पर एक ढाबे के समीप अरविंद का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर नांगल थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और फील्ड यूनिट को घटना की सूचना दी और जांच में जुट गई। मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे है। परिजनों ने बताया कि मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे है।

# भारतीय जैन मिलन का कार्यक्रम

## प्रशांत त्यागी व संयम जैन को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय जैन मिलन, क्षेत्र संख्या 3 की प्रथम कार्यकारिणी सभा का आयोजन बुधवार को धामपुर स्थित साहू चंडी प्रसाद जैन धर्मशाला में किया गया। इस सभा में क्षेत्रीय पदाधिकारी, शाखा प्रतिनिधि एवं गणमान्य सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर प्रदीप जैन ने संगठन की मजबूती और कार्य विस्तार पर बल देते हुए युवाओं से सक्रियता के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैन मिलन समाज सेवा और धार्मिक जागरूकता का सशक्त मंच है। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर संदेश जैन ने की। उन्होंने जैन मिलन की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का विवरण साझा करते हुए सेवाओं को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। मुख्य पुरुष शाखा संयोजक सम्भव जैन ने पुरुष शाखाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं महिला शाखा संयोजिका श्रीमती कामिनी जैन ने महिला शाखाओं की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। सभा के मुख्य अतिथि, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री (प्रशासन) अतिवीर अजय जैन ने इस वर्ष को 'जैन तीर्थ रक्षा अभियान वर्ष' घोषित किया और मुनिराजों व तीर्थो के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने मासिक बैठकें नियमित करने और सेवा कार्यों को गतिशील बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन वीर अवधेश जैन ने किया। इस अवसर पर मंच पर अतिवीर दिनेश जैन सेठी (क्षेत्रीय मंत्री), वीर विशाल जैन (वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष), वीर अविनाश जैन (कार्यकारी अध्यक्ष) सहित संजय कुमार जैन, सुनील कुमार वर्मा, नीरेश जैन, संजोग जैन, मुकुल जैन, कुमुद जैन, सौरभ जैन, सुगम जैन, टीकाराम जैन, मार्दव जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विशेष रूप से प्रशांत त्यागी (योगाचार्य) एवं युवा समाजसेवी संयम जैन को 'रक्तवीर एवं गोरक्षक' के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही वीर लोकेन्द्र जैन और वीरां गीता जैन स्योहारा को क्षेत्रीय योगदान हेतु सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जैन मिलन अरिहंत, महिला जैन मिलन, महिला जैन मिलन अरिहंत एवं युवा जैन मिलन की शाखाओं का भरपूर सहयोग रहा। सभा का समापन संगठन की एकता, सेवा भावना और संस्कृति को समर्पित संकल्प के साथ किया गया।

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहल्ला मीरा की सराय में बंद घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर 20 हजार की नगदी व 50 हजार का सामान जल गया। परिवार के लोग घर बंद करके रिश्तेदारी में गए थे।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मोहल्ला मीरा की सराय निवासी मोहम्मद शाहरुख मंगलवार को अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर रिश्तेदारी में गया था। बताया जाता है कि बीती रात को घर में आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। आग लगने से घर में रखी 20 हजार रूपए की नगदी व संदूक, कपड़े आदि करीब 50 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

पड़ोसियों ने घर में धुआं उठता हुआ देख उसकी सूचना दी, जिसके बाद मौहम्मद शाहरूख घर पहुंचा। घर की हालत देखकर पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया।

# जोनल आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक

## व्यापारी समय से रिटर्न दाखिल करते हुए वास्तविक टर्नओवर घोषित करें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जोनल अपर आयुक्त अशोक कुमार सिंह एवं अपर आयुक्त (प्रवर्तन) आर.ए. सेठ मुरादाबाद जोन मुरादाबाद द्वारा आज जिला बिजनौर का भ्रमण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम जिलाधिकारी जसजीत कौर से दोनों अधिकारियों द्वारा भेंट करते हुए विभागीय कार्यों विशेषकर राजस्व वृद्धि एवं बकाया वसूली के संदर्भ में सहयोग करने का अनुरोध किया गया, जिसके अन्तर्गत विगत कई वर्षों से लम्बित बड़े बकायादारों से बकाया की वसूली के संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात् जोनल आयुक्त द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर से भेंट करते हुए प्रवर्तन संबंधी कार्यों में जनपद पुलिस के सहयोग की अपेक्षा की गयी, जिस पर कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

तत्पश्चात् श्री अशोक सिंह द्वारा राज्य कर भवन आदमपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इसके अतिरिक्त जोनल आयुक्त द्वारा भट्टा एसोसिएशन एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गयी। उक्त बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। व्यापारियों के साथ किये गये संवाद के समय भट्टा एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के बाहर से कर चोरी में संलिप्त वाहनों द्वारा ईटों की आमद से राजस्व पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव का प्रश्न उठाया गया, जिसमें अपर आयुक्त द्वारा तत्काल जनपद के बाहर से कर चोरी के साथ आये वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही को अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिये। साथ ही जिन भट्टों द्वारा रु. 40.00 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर दिखाया जा रहा है, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रवर्तन विंग को दिये गये है। इसके अतिरिक्त समाधान योजना अपनाते हुए जानबूझकर कम कर देने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

जोनल आयुक्त द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों से हुई वार्ता के उपरान्त जनपद बिजनौर के समस्त व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों से अपील की गयी कि राज्य कर विभाग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए निकटतम राज्य कर कार्यालय में सम्पर्क करते हुए अधिकारियों से संवाद स्थापित करें। साथ ही समस्त व्यापारी समय से अपना रिटर्न दाखिल करते हुए वास्तविक टर्नओवर को घोषित करें एवं वृद्धि के साथ कर अदा करें। जोनल आयुक्त द्वारा इस विषय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की गयी कि जनपद बिजनौर अनेक बड़े व्यापारियों द्वारा अनुचित रुप से समाधान योजना अपनाते हुए समाधान राशि जमा की जा रही है एवं अपने वास्तविक टर्नओवर को छिपाया जा रहा है। इस संदर्भ में समाधान योजना से सम्बन्धित बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की रैकी ओर तत्पश्चात् वि. अनु.शा. जांच के निर्देश देते हुए इस संदर्भ में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# हल्दौर में विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

## आपसी सद्भाव व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देते हैं मेले: ओमकुमार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित सीडी इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार की देर शाम विकास प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया।

नगर के सीडी इंटर कॉलेज प्रांगण में 15 दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन मेले का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने फीता काटकर किया।

विधायक ने विधान सभा संयोजक अनिल सिंह, चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, क्षेत्रीय सह संयोजक अतुल मारवाड़ी, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला आदि का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया एवं शुभम रस्तौगी और सभासद वरुण अग्रवाल ने विधायक को राम दरबार स्मृति चिन्ह के रूप में दिया।

क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने कहा कि मेलों का आयोजन होने से आपसी सद्भाव सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ समाज में समरसता, सहयोग और विकास की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा मेले में महिलाओं की सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु विभिन्न प्रकार के झूले, काला जादू एवं तरह तरह के खेल खिलौनों की दुकानों लगी हुई हैं।

इस अवसर पर मेला आयोजक नवनीत शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दर्पण रावल, अतुल मारवाड़ी, पालिका चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, पालिका सभासद सभासद ऋषभ रस्तौगी, भानु प्रताप प्रधान, शिवम चौधरी, चरण सैनी, जसवंत सैनी कारीगर, सभासद हेमंत पंवार, अमित सैनी, हितेश देवल, महिप रस्तोगी, समाज सेवी चरण सैनी, चंद्रपाल सैनी, कुश प्रताप, सभासद वरुण अग्रवाल, समाज सेवी सीताराम सैनी, अमित सैनी, हितेश, राजाराम सैनी, ब्रह्मपाल सैनी, सभासद राजीव चौहान एवं सभासद कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की चमक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में 21 मई से शुरू हुए 20 दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।

इस अवसर पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजयपाल ने की। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, संगीत, कंप्यूटर, मैंगो पार्टी, शतरंज, लूडो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, फुटबॉल जैसी शैक्षिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामूहिक सहयोग की भावना को निखरने का अवसर मिला। प्रशिक्षकों के रूप में गौतम, पंकज और हरीश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी सहभागिता रही। जिनमें आलोक कुमार, अनिल, नीलम, अंजू देवी, प्रेमवती आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

समापन अवसर पर हेमराज, अहम, मयंक, सोफियान, अंशिका, मोनू, विशाखा, वंशिका, हिमानी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समर कैंप की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में चौकी स्थापित करें

## डीएम ने ली बाढ़ से पूर्व तैयारी के सम्बंध में बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा हैं, इस संकट से जिले के लोगों की जान व माल सुरक्षित रखने के लिए शासन एवं प्रशासन कटिबद्ध है। प्राकृतिक आपदाओं का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए विभागीय अधिकारी पूर्व में ही समुचित तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ताकि किसी भी स्तर पर नुकसान न होने पाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर महात्मा विदुर सभागार में बाढ़ से पूर्व तैयारी से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चौकी स्थापित करें और वहां पर जिम्मेदार एवं चुस्त कर्मचारियों को तैनात किया जाये। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में जिले में नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गोताखोरों के नाम व मोबाइल नम्बर की सूची बनाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को दिये ताकि बाढ़ के सम्भावित संकट से निपटने के लिए व्यवस्था सुनिश्चत की जा सके। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बारीकी से मुआयना कर लिया जाये और प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चौकियां स्थापित की जायें। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी उप बाढ़ कंट्रोल रूम की स्थापना की जाये, ताकि तत्काल सहायता एवं व्यवस्था की जा सके।

उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले में बाढ़ का प्रकोप बरसात के पानी से कम बल्कि पहाड़ से आने वाले पानी से अधिक होता है। यदि ऊपर से पानी छोड़ने की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो जाए तो बिजनौर को सम्भावित बाढ़ से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ नियंत्रण को निर्देश दिए कि उत्तराखण्ड के अधिकारियों से सम्पर्क कर उनसे पानी छोड़े जाने की सूचना पूर्व में ही प्राप्त कर लें ताकि जिले में अधिक पानी आने की स्थिति में समय रहते सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा सकें।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में पशु की सुरक्षा की जिम्मेदारी पशुधन विभाग की है। अत: बाढ़ के दृष्टिगत पशुओं की सुरक्षा एवं उनके चारे की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनायें ताकि समय पर किसी भी प्रकार से चारे का संकट पैदा न होने पाये। उन्होंने खाद्यान्न की समुचित व्यवस्था के लिए जिला पूर्ति अधिकारी एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए अधिशासी अभियन्ता जल निगम को नामित किया।

बैठक के बाद जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित बाढ़/आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिए कि पूरी सजगता और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और सम्भावित बाढ़ की स्थिति में चेतावनी/जान-माल की सुरक्षा के लिए प्रभावी नेटवर्क बनाएं ताकि निर्वाध रूप से सूचनाओं का प्रेषण किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार, समस्त ई.ओ., अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# क्रिकेट मैच में खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के मोहल्ला मिर्दगान में क्रिकेट मैच के दौरान मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोहल्ला मिर्दगान निवासी आदिल पुत्र अब्दुल हकीम का क्रिकेट मैच के दौरान अरशद और अफसर से नो बॉल को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी, डंडों के साथ ही बैट और विकेट चलने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अरशद और अफसर ने धारदार हथियार से आदिल पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर आरोपियों अरशद व अफसर को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 24 घंटे थाने में बैठाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को छोड़ दिया, जिससे पीड़ित परिवार डरा और सहमा हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना है कि खेलों से आपसी मोहब्बत भाईचारे में मजबूती आती है लेकिन खेल के मैदान में ऐसी घटना होना चिंता का विषय है।

## जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी



**धामपुर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ जनपद बिजनौर ने संगठन विस्तार के अंतर्गत धामपुर निवासी को जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जिम्मेदारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महंत राजूदास जी महाराज के आदेशानुसार दी गई। नव-नियुक्त जिला मंत्री ने कहा कि वह गो रक्षा, धर्म, संस्कृति, सनातन धरोहर और हिन्दू एकता की रक्षा के लिए पूर्णत: समर्पित रहेंगे। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए इस दायित्व के लिए आभार जताया और सेवा भाव से काम करने का संकल्प लिया। जिला मंत्री ने सभी सनातनी बंधुओं से पूर्व की भांति सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# देव तीर्थों के बाद अब नदियों का होगा जीर्णोद्धार

### महिष्मती ( भैंस नदी ) की डीपीआर हो रही है तैयार, जिले की पांच नदियों को मिलेगा जीवनदान, बनाई जा रही है योजना, नमामि गंगे योजना के तहत कराया जाएगा कार्य डीएम ने की पत्रकारों से वार्ता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिले की पांच नदियों के जीर्णोद्वार का कार्य जल्द प्रारम्भ होगा। विलुप्त हो चुकी नदियों को जल्द जीवनदान मिल सकेगा। जबकि 239 गांवो से होकर गुजरने वाली नदियों का काया कल्प करने की तैयारी की जाने लगी है। मुख्यमंत्री के वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर अर्थात एक जिला एक नदी का पुनरुद्वार का आहवान पर जिले की सोत नदी, महावा नदी, अरिल नदी, वध 'मार नदी, महिष्मति नदी, को पुनरुद्वार के लिए लिया गया है। हालांकि सोत नदी का पुनरुद्वार कर लिया गया है। नदियों के पुनरुद्वार के अंतर्गत सहजन एवं बांस का वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि सोत नदी जनपद सम्भल की सबसे लम्बी नदी है। इसकी लम्बाई लगभग 112 किमी है, यह नदी अमरोहा जनपद से जनपद सम्भल के ग्राम पंचायत मातिपुर धकतोड़ा से प्रवेश करती है। यह गंगा नदी की सहायक नदी है। जल संचयन एवं जल संरक्षण हेतु विलुप्त सोत नदी का लगभग 112 किमी का जनपद के पांच विकासखण्ड असमोली, सम्भल, पवांसा ,बहजोई एवं बनिया खेड़ा की 71 ग्राम पंचायतों को आच्छादित कर मनरेगा के माध्यम से जीर्णोद्वार कार्य कराया गया और इसके किनारे पर बांस का वृक्षारोपण भी किया गया था तथा जल की स्थिरता से मच्छर न फैलें इस कारण इसमें गैम्बूसिया मछली भी छोड़ी गयी थीं। इसमें मनरेगा के अन्तर्गत 172752 मानव दिवस को सृजित कर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा महावा नदी की लम्बाई जनपद में 42.50 किमी है। यह भी एक विलुप्त नदी है और विकासखण्ड रजपुरा की ग्राम पंचायत सिरसा के ग्राम निरियावली से शुरू होकर विकासखण्ड गुन्नौर के ग्राम पंचायत मझोला फतेहपुर से होते हुए विकासखण्ड जुनावई की ग्राम पंचायत पुसावली होते हुए जिला बदायूं में प्रवेश करती है। जनपद में 38 ग्राम पंचायतों में प्रवाह करती है, जिसमें लगभग 11.90 किमी का जीर्णोद्वार का कार्य पूरा किया गया तथा अवशेष ग्रामों में कार्य चल रहा है।इसमें लगभग 48043 मानव दिवस को सृजित कर लिया गया। जिलाधिकारी ने अरिल नदी के पुनरुद्वार को लेकर बताया कि जनपद सम्भल में इसकी लंबाई 22.60 किलोमीटर है तथा यह वर्तमान में पूर्ण रूप से विलुप्त है और इसका उद्गम स्थल जनपद के विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत गुमसानी से होता है तथा ग्राम पंचायत ढाक शहीद से बहकर जनपद मुरादाबाद में प्रवेश करती है। जनपद सम्भल के विकासखंड बनिया खेड़ा के ग्राम पंचायत अकरौली में बहती है यह नदी 19 ग्रामों में प्रवाह करती है जिसमें लगभग 1 8.50 किलोमीटर के जीर्णोद्वार का कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि अवशेष ग्रामों में कार्य चल रहा है। इससे लगभग 2855 मानव दिवसों को सृजित कर लिया गया है। वर्धमार नदी की लम्बाई जनपद में 14.10 कि.मी है जो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है। यह नदी 11 ग्राम पंचायतों में प्रवाह करती है, जिसमें कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 906 मानव दिवस को सृजित कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने महिष्मति नदी की जानकारी देते हुए बताया कि यह जनपद के प्राचीन 87 तीर्थों में से एक है। इसको भैंस नदी के रूप में आज जाना जाता है। कैचमेंट एरिया में शामिल मणिकर्णिका तीर्थ के समीप खुदाई का कार्य प्रारंभ किया गया है तथा इस नदी के बहाव क्षेत्र की अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम का सर्वे का भी कार्य आरम्भ हुआ है। महिष्मति नदी के पुनर्जीवन प्रदान करने के लिए प्रसिद्व पर्यावरण विज्ञानी नदी विशेषज्ञ, तथा नमामि गंगे के सलाहकार प्रोफेसर डा. वेंकटेश दत्त की टीम द्वारा नदी के अपस्ट्रीम से लेकर डाउनस्ट्रीम तक के क्षेत्र का नगरपालिका, तहसील प्रशासन के साथ स्थलीय सर्वे किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसकी डीपीआर तैयार करा रहे हैं ताकि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर सीवर को एक जगह पहुचाया जाए तथा दूसरी ओर इसको नहर से जोड़ कर इसमें पूरे वर्ष जल बहे यह योजना बनायी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्षा जल संरक्षण के लिए राजस्थान के राजेन्द्र सिंह जिनको जल पुरुष के नाम से जाना जाता है के सुझाव पर जनपद में वर्षा जल संरक्षण के लिए मनरेगा के माध्यम से गौशालाओं तथा अन्य स्थानों पर ट्रेंच भी बनाये जाएंगे ताकि इनमें वर्षा जल संरक्षण हो सके। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भटट तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष मौजूद रहे।

# कच्चे घाट पर लगातार हो रहे हादसे

### जल की गहाई से गडढों का नहीं लगता अनुमान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राजघाट के बबराला पक्के घाट की ओर जल न होने के कारण लोग स्नान कच्चे घाट की ओर करते हैं। वहां पर यह अनुमान नहीं लगा पता कि कहां जल कम है कहां अधिक या नीचे कहीं गडढे तो नहीं है।वहां स्नान करते समय लोग कहीं गहरे पानी में व गडढे में चले जाते हैं और डूबने लगते हैं। शोर शराबा होने पर घाट पर तैनात गोताखोर कुछ को बाहर निकाल लेते हैं और कुछ डूब जाते हैं। ऐसी घटना कच्ची घाट पर काफी होती रहती हैं। पुलिस प्रशासन चेतावनी देता रहता है। गंगा में गहराई के लिए बल्लियां भी लगा रखी है। जिससे यह अनुमान रहे कि इससे आगे स्नान न करें।लेकिन उसके बाद भी स्नान करने वाले इसका ख्याल नहीं रखते और गहरे पानी में चले जाते हैं। मंगलवार को भी तीन दोस्त स्नान करते समय गहरे पानी में चले गए।जिसमें दो को गोताखोरो ने बचा लिया जबकि एक को जब तक निकला तब तक उसकी मौत हो गई। बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन स्नान करने वाले लोगों को निरंतर गहरे पानी में न जाने की चेतावनी देता है। गंगा में बल्लियां भी लगा रखी है। जिसके अंदर की ओर स्नान करने को लोगों से कहा जाता है। लेकिन उसके बाद भी लोग गहरे पानी की ओर चले जाते हैं। कच्चे घाट पर गढो का अनुमान वह नहीं लगा पाते। स्नानार्थी इसका ध्यान रखें तभी घटना पर अंकुश लग सकेगा। जीवन अनमोल है इसकी रक्षा करें।

# भाकियू शंकर ने संगठन से जुड़ने को किया प्रेरित

**सम्भल।** असमोली में भारतीय किसान यूनियन शंकर द्वारा संगठन विस्तार के साथ किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए जन जागरण लोगों को संगठन से जोड़ने को प्रेरित किया गया।

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर ज्ञापन देकर बताया गया कि जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हुई है। जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। किसानों को यूरिया डीएपी के साथ जबरन नैनो यूरिया दिया जा रहा है। इसके अलावा कृषि फीडर की सप्लाई निर्वाण 10 घंटे आपूर्ति की जानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री डेश बोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट जारी

# कन्या सुमंगला व निराश्रित पेंशन योजना में जिले को फिर मिला पहला स्थान

### जिलाधिकारी ने अधीनस्थों की प्रशंसा करते हुए आवेदनों का सप्ताह भर में निस्तारण करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना में माह मई 2025 में विकास से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश की जारी प्रगति रिपोर्ट में जनपद सम्भल ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट के निर्देशन में जनपद सम्भल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय स्थान, माह सितंबर 2024 में प्रदेश में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय, माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह जनवरी 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह फरवरी 2025 में प्रदेश मे प्रथम स्थान, मार्च 2025 में द्वितीय स्थान, माह अप्रैल 2025 में प्रथम एवं मई 2025 में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि इसी तरह, निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 में प्रथम स्थान, माह अप्रैल 2025 में प्रदेश में प्रथम एवं माह मई 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान/रैंक प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी अधिकारियों, व सभी उपजिलाधिकारियो, खाण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ/ महिलाओं आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### शिलायें भूगर्भ में आज की जाएंगी स्थापित

**सम्भल।** कल्किधाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं को कल (आज) प्रातः 10.00 बजे श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर पूज्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारा भूगर्भ में स्थापित किया जाएगा, इस अवसर पर विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य विशिष्ट भी मौजूद रहेंगे।

# चेयरमैन प्रतिनिधि ने की आधार कार्ड बनवाने की मांग

### बच्चों के दाखिले में हो रही परेशानी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत चैयरमेन के प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए कस्बे में आधार कार्ड बनवाए जाने की व्यवस्था किए जाने की मॉग की है।

चैयरमेन प्रतिनिधि समर अब्बास ने आधार कार्ड न बनने से जनता को हो रही समस्याओं का जिक्र करते हुए पत्र में कहा है कि आधार कार्ड न होने से अधिकतर परेशानी स्कूल में बच्चों के दाखिले को लेकर हो रही है, साथ ही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं में भी आधार कार्ड ज़रूरी हो जाने ये ऐंसी योजनाओं का लाभ लेने से लोग वंचित हैं। चैयरमेन प्रतिनिधि ने पत्र की प्रति वरिष्ठ डाक अधीक्षकमुरादाबाद को भी भेजी है। जिसमें कहा गया है कि कस्बे के उप डाकघर में बन्द पड़े आधार कार्ड बनाने का काम पुनः शुरू कराया जाये। जिससे कस्बे के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग भी आधार कार्ड बनवा सकेंगे।



**बबराला**-सरस्वती विद्यालय में सम्मानित छात्रायें।

# प्रतियोगिता की विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख में छात्राओं ने योग एवं पी टी के बाद 'अतुल्य भारत- एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने भारत के विभिन्न राज्यों को उनकी वेश-भूषा और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें नंदिनी प्रथम, यतिका-गुन्जन द्वितीय, आनमिका,वंदना,पलक तृतीय स्थान पर रहें। समर कैंप के समापन समारोह का शुभारम्भ विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य चन्द्रवती गौतम ने किया। समर कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने सम्मानित किया। अन्य छात्राओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से समर कैंप में प्रतिदिन उपस्थित, प्रतियोगिता और खेलकूद में भाग लेने वाली छात्रएं अनामिका, उर्वशी, निशा, वन्दना को भी सम्मानित किया गया। तीन से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रथम यतिका ठाकुर और सबसे अधिक पुरुस्कार के लिए नंदिनी को पुरस्कृत किया गया। समर कैंप में योगदान और सहयोग के लिए प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने शिक्षिका नेहा यादव को आभार जताया। समापन के बाद छात्राओं को सूक्ष्म जलपान दिया गया।

# अवैध देशी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व अवैध मदिरा भंडारण करने वाले तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी का आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी हयात नगर संजीव कुमार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण को अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान के तहत हयात नगर थाना पुलिस ने एक आरोपी संजय कुमार पुत्र केदार सिंह निवासी पीलाखदाना तेजराम की कोठी केपास सरायतरीन थाना हयातनगर को 24 पाउच फ्रूटी मार्का अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार व कां. अरूण कुमार, मोहित तोमर, है. का. बाबूराम जोशी आबकारी विभाग शामिल रहे।

# वेंडिंग ज़ोन खाली सड़क पर कर रखा है अतिक्रमण

### ठेले वालों से हो रहा यातायात प्रभावित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत ने ठेले, खोमचे व फड़ लगाने वालों के लिए वेंडिंग ज़ोन की व्यवस्था की है,लेकिन न वहां जाकर ऐंसे लोगों ने मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर राहगीरों का पैदल चलना दुश्वार कर दिया है।

नगर पंचायत ने सम्भल मुरादाबाद मार्ग पर गैस एजेंसी के करीब वेंडिंग ज़ोन की व्यवस्था कर बोर्ड भी लगा दिया है। जिसे एक वर्ष से अधिक का समय हो गया है,तभी से यह स्थान खाली पड़ा है। ठेले, खोमचे व फड़ लगाने वाले इस स्थान पर नहीं पहुंच रहें, उनकी दिलचस्पपी मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने की है। वेंडिंग ज़ोन के करीब से रोडवेज बस स्टैंड तक ठेले वालों ने अतिक्रमण कर रखा है जो पैदल राहगीरों को परेशानी का कारण बनने के साथ ही यातायात भी प्रभावित कर दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे है। नगर पंचायत को इस ओर ध्यान देकर आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

# 11 वर्ष में देश की अर्थ व्यवस्था हुई मजबूत: हेमंत

### भाजपा प्रभारी ने गिनायी उपलब्धियां

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** केन्द्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर जिला प्रभारी ने जिला अध्यक्ष संग विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि अमृतकाल के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की।

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के सम्भल जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू संग कहा कि केन्द्र सरकार ने इन 11 वर्षो मे वह कार्य किए हैं जिससे कि भारत आज विश्व गुरू बनने जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश तरक्की के रास्ते पर चल रहा है। जिस तरह से पाकिस्तान ने पहलगाम मे आतंकी घटना को अंजाम दिया तो हमारी सैना और सरकार ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिन्दूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानो और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर मे घुसकर आतंक का सफाया करता है। जहां तक बात विकास कार्यो की है तो विकसति भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार ने अमृत काल मे सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना केन्द्र मे जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षो मे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नॉलोजी को जन-जन तक पहुंचाया। बिजनेस को जमीन पर उतारते हुए भारत को 142 वीं रैंक से 63 वीं रैंक तक पहुंचाया। व्यापार को आसान बनाने वाली नीतियों के परिणामस्वरूप 2023-24 मे 1.80 लाख से अधिक नई कंपनियों भारत मे रजिस्टर हुई। नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक आय पर टैक्स छूट है। 99 प्रतिशत गांव सड़क कनैक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के तहत 93.000 करोड़ से 112 सिचाई परियोजनायें शुरू हुई। फसल उत्पादकता मे सुधार के लिए लगभग 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए। जम्मू कश्मीर मे धारा 370 हटाना, विश्वस्तरीय काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल परियोजना और राम मन्दिर अब सपना नहीं बल्कि असलियत है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभाओं मे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला। तीन तलाक खत्म हुआ। मातृत्व अवकाश 26 सप्ताह किया। 10 करोड़ से अधिक महिलायें 90 लाख स्वंय सहायता समूहों से जुड़ी और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया। हेमंत राजपूत ने क्षेत्र की मुख्य समस्याओं जिला मुख्यालय और रोडवेज आदि को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि हमारा हर संभव प्रयास है कि सम्भल की जो भी समस्याये हैं जनता के हित को देखते हुए उनका निस्तारण हो ओर जो नियम अनुसार है उसको सरकार अपने स्तर से करेगी। जबकि संगठन की और से सरकार के समक्ष रखकर उन्हे पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा।



**सम्भल**-भाजपा के जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हेमंत राजपूत।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान बना बीरबल की खिचड़ी

### छह माह में छह सौ मीटर में कार्रवाई अधूरी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने का काम छह माह में छह सौ मीटर में भी अधूरा है। इसलिए लोग कह रहे हैं कि अतिक्रमण हटाओ अभियान बीरवल की खिचड़ी बनकर रह गया है।

गौर तलब है कि दिसम्बर 2024 में नगर पंचायत तिराहे से रेलवे क्रासिंग तक अस्थाई अक्रिमण हटाने के लिए स्थानीय लेखपाल द्वारा स्थान चिन्हित किए गए थे, तब से अब तक समय-समय पर पी डब्ल्यू डी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने का काम किया जाता रहा है। जब मन करता है तब टीम जे सी बी लेकर आ जाती है। आज भी नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पी डब्ल्यू डी एवं नगर पंचायत की संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। एक माह पूर्व हटाए गए अतिक्रमण को पुनः हटाने को टीम पहुंची तब मकान मालिक व टीम के बीच नोंक-झोंक हुई जिसे स्थानीय पुलिस ने समझाकर मामला शान्त कराया। निशानदेही करने वाले लेखपाल कुछ ही मिनट को आए और चले गए। जिससे टीम को काफी परेशानी हुई टीम में नायब तहसीलदार के अलावा अवर अभियंता विवेक बंसल, अवर अभियंता अलीताब व नगर पंचायत के रईस अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रदेश में जंगल राज कायम

### सपा की मासिक बैठक में पीडीए को मजबूत बनाने पर दिया ज़ोर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में संविधान की रक्षा को पीडीए को मजबूत करने पर ज़ोर दिया।

बहजोई स्थित कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार गांव-गांव जाकर पी डी ए कार्यक्रम लगातार चल रहा है। पार्टी के पदाधिकारी अपनी-अपनी विधानसभा में सक्रिय भूमिका निभाए। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज कायम है। संविधान की रक्षा के लिए हम सबको पी डी ए परिवार को मजबूत करना होगा। मासिक बैठक में उमेश यादव, अमित यादव, अशोक यादव, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, चेतन गुप्ता, उमेश गुप्ता, सतीश शर्मा, संजय मदान, मा. आकिल, राहुल गुप्ता, अमरीश यादव, मनोज शर्मा, विद्याराम यादव, अशोक कुमार, जितेंद्र जाटव, रजत यादव, अन्न खान, रिंकु सिंह, सौराज सिंह यादव, जे पी शर्मा, डा. होराम सिंह जाटव, विवेक शर्मा, मुकेश यादव, सुधीर शर्मा, प्रेम पाल डीलर, विपिन यादव, ललतेश यादव, पप्पू यादव,पवन जाटव, ताज मौ, पीताम्बर यादव, पंकज, ब्रजेश यादव, सूरज यादव, शिवम यादव, मनीष यादव, हाजी रियासत भाई, साबिर खान, कपिल देव, पंकज का स्वागत किया।

# यातायात नियमों का पालन करने को किया गया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत ई रिक्शा व ऑटो चालकों को नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात और प्रभारी यातायात के नेतृत्व में कस्बा सम्भल में चंदौसी चौराहा पर मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत ने यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया गया कि ऑटो रिक्शा में सवारी बैठाते उतारते समय मार्ग अवरोध न करें। साथ ही ऑटो रिक्शा सवारी वाहन है न कि माल ढोने के लिए।

# मोतियों की खेती की दी जानकारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में खेत तालाब योजना और उसमें मोतियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित बैठक में एम एन आई एग्रो हब के एडीशनल डायरेक्टर डा. अयूब द्वारा मोती की खेती कैसे की जाती है तथा इसकी क्या लागत आती है तथा इसमें किसानों को कितना फायदा होता है उसको लेकर जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सीप के माध्यम से मोती की खेती की जाती है तथा यह खेती दो प्रकार से होती है।

# गृहक्लेश में विकलांग ने की आत्म हत्या

### खेत पर फांसी के फंदे पर झूला

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के कैलमुंडी गांव निवासी विकलांग ने घरेलू कलह लेकर चलते खेत पर जाकर फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को परिजनों विकलांग के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि गांव निवासी 22 वर्षीय दानवीर हाथ तथा पर दोनों से विकलांग था। वह सही तरह से नहीं चल पाता था। लेकिन वह खेतों में भी अपना कार्य करवाता था और परिजनों ने विकलांग होने के चलते उसकी शादी नहीं की थी। ग्रामीणों की माने तो सोमवार शाम को वह अपने खेत से घर आया तो घर पर उसकी मां नहीं थी, लेकिन अन्य परिजनों ने उसे खाना नहीं दिया था। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार शाम को उसके भाई और पिता द्वारा उसके साथ मारपीट भी की गई थी। जिसके बाद विकलांग दानवीर अपने खेत पर चला गया। इसी तनाव के चलते उसने गांव के चामुंडा मंदिर के पीछे बने अपने खेत पर शहतूत के पेड़ में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी मंगलवार सुबह हुई तो वह शव को उतार कर घर ले आए। मृत्यु की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। जहां परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही मंगलवार को शव कि अंतिम संस्कार कर दिया।

# फल विक्रेता के बंद मकान से दिन दहाड़े लाखों की चोरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** फल विक्रेता के मकान से चोर एक लाख से अधिक कीमत का माल समेटकर ले गए। दिन दहाड़े मकान में चोरी से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली।

हयात नगर थाना क्षेत्र की उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला भूड़ा निवासी मोबीन मजदूरी के लिए मुंबई गए हुए हैं घर पर उसकी पत्नी संजीदा बच्चों के साथ रह रही हैं। पत्नी संजीदा ने बताया कि वह घर के दरवाजे पर ताला लगाकर सम्भल निजी अस्पताल में दवाई लेने गई थी। वहां से वापस आकर मुहल्ला हौज कटोरा स्थित अपने मायके में रुक गई थी। इसी बीच बच्चों को गर्मी लगी तो वह घर से कपड़े लेने पहुंची। अंदर जाकर देखा तो उसके होश उ़ गए। अंदर रखा अस्त व्यस्त पड़ा था जबकि उपर जाने को जीने का दरवाजा भी खुला हुआ था। महिला ने बताया कि उसने बेटी की शादी के लिए घर में रखे तांबे पीतल के बर्तन रखे थे गायब मिले। उन्होनें कहा कि बर्तनों की कीमत करीब सवा लाख रुपये थी।दिन दहाड़े चोरी की वारदात से जहां हड़कम्प मच गया वहीं ग्रह स्वामिनी भी सदमे में आ गयी। चोरी की सूचना से वहां काफी भीड़ लगी गई। महिला ने पुलिस चौकी सराय तरीन पहुंचकरसूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जानकारी लेकर छानबीन की।

# शादी अनुदान: दिव्यांग दम्पति को दिए जाएंगे 35 हज़ार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15,000रूपये व युवती के दिव्यांग होने की दशा में 20,000 रूपयं एवं युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35,000 रूपये की धनराशि निर्धारित है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ पाने के लिए शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो जबकि युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। इसके अलावा दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो और मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति ही योजना का लाभ पाने को पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। उन्होने बताया कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति जिनका शादी चालू वित्तीय वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुई है। वह दम्पत्ति शादी विवाह प्रोहत्साहन पुरस्कार हेतु बेवसाइटः http//divyangjan.upsdc-gov-in पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु दम्पत्ति का दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र/शादी कार्ड, आय प्रमाण-पत्र जो आयकर दाता न हो व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छाया प्रति, आदि अभिलेखों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन एवं वॉछित प्रपत्र की हार्डकॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सम्भल के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

## मंडलायुक्त के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

# सरकारी तालाब को कराया कब्जा मुक्त

**भोजपुर।** मंडलायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने कड़ी गर्मी में मौके पर रहकर अपनी देखरेख में सरकारी तालाब पर किए गए मिट्टी के भराव को जेसीबी मशीन से हटवाकर कब्जा मुक्त कर पुराने स्वरूप में परिवर्तित करा दिया।

गौरतलब है कि पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड पर सड़क किनारे सरकारी तालाब खसरा नंबर 829 में रातों-रात मोहल्ला मनिहारान निवासी ग्रामीण ने मिट्टी का भराव कर टीन शेड डालकर कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया कानूनगो युनूस अली और लेखपाल हरि राज सिंह को सरकारी तालाब की पैमाइश कर तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। 7मई को राजस्व विभाग की टीम ने कस्बा चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह की मौजूदगी में तालाब को पैमाइश कर चिंहित कर अधिशासी अधिकारी को कब्जा मुक्त कराने के लिए जेसीबी मशीन और मिट्टी उठाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली उपलब्ध कराने को कहा।छ चेयरपर्सन पुत्र की हीलाहवाली की वजह से तालाब से नाममात्र को ही मिट्टी हटाई गई थी। तालाब पर कब्जा बरकरार रहने पर 15मई को ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल और मंडलायुक्त महोदय को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की। उच्चाधिकारियों के कड़ा रुख अख्तियार करने पर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह और बड़े बाबू ने कड़ी गर्मी में मौके पर पहुंचकर अपनी देखरेख में सरकारी तालाब पर किए गए मिट्टी के भराव को जेसीबी मशीन से ट्रेक्टर ट्राली में भरकर दूसरे स्थान पर डलवाकर कब्जा मुक्त करा दिया।



**भोजपुर। सरकारी तालाब को पुराने स्वरूप में परिवर्तित करने के लिए जेसीबी मशीन तालाब से मिट्टी उठाकर ट्रेक्टर ट्राली में भरते हुए।**

# अधिशासी अधिकारी ने लोगों को अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** नालों की तली झाड़ सफाई और जल निकासी में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर हाइवे और मुख्य बाजार का दौरा कर अतिक्रमणकारियों को चिंहित कर शाम तक स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि नालों पर अतिक्रमण होने से बरसात से पूर्व होने वाली नालों की सफाई ठीक ढंग से नही हो सकी थी। जिस कारण पिछले दिनों हुई मामुली बरसात में नगर की मुख्य सड़कें तालाब बन गईं थीं। सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ी थी। अभी बरसात होनी है इसलिए नालों पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर नालों की तली झाड़ सफाई कराई जाएगी। अतिक्रमणकारियों को

**बुधवार को जेसीबी से होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**

नोटिस देकर एवं मौखिक रूप से कहकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। उन्होंने सफाई नायक महेंद्र सिंह एवं राजा से बुधवार को जेसीबी मशीन एवं सफाई कर्मचारियों को लगाकर नालों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि मानस. न आने से पहले ही नालों की सफाई कर लोगों को जलभराव से मुक्ति दिलाई जा सके। इस दौरान उन्होंने मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाने के सामने सड़क किनारे खड़े फलों और पकोड़ियां आदि के ठेलों को राजकीय इंटर कालेज की दीवार के सहारे लगाने के निर्देश दिए हैं।छ सड़क पर खड़े होकर सवारियां बैठाने का इंतजार कर रहे टैंपो चालकों के लिए धर्मपुर आंगा तिकोनिया पर टैंपो स्टेंड पर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था करने की बात कही है। यदि ईओ ने अपनी प्लानिंग को अमल. ीजामा पहना दिया तो दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ ही सड़क किनारे दोनों साइडों में सौंदर्यीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा।

# बैंकर्स को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए निर्देश: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकर समिति की बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकर समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एलडीएम ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में ऋण जमानुपात मार्च 2025 में मार्च 2024 के स्तर 66.55 से सुधकर 66.64 दर्ज किया गया और जनपद में कार्यरत सभी बैंकों की कुल जमा राशि 30465.25 करोड़ एवं ऋण राशि रु0 20336.56 करोड़ रही। इसके साथ ही बैठक में जिन बैंकों का सीडीरेशियों मानक से कम रहा उन बैंकों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी द्वारा सीडीरेशियों में प्रगति हेतु त्वरित कार्यवाही एवं कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनपद मुरादाबाद में सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थिति ऋण् जमा अनुपात में खराब पायी गयी। बैठक में सरकार द्वारा प्रयोजित शासकीय ऋण योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इत्यादि में लोन वितरण संबंधी कार्यवाहियों के अन्तर्गत बैंको द्वारा उदासीनता प्रदर्शित एवं खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही को



अमल में लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिकेंज में लक्ष्य के सापेक्ष ऋण प्रदान करने हेतु सबसे ज्यादा पेंडेंसी प्रथमा बैंक की होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए पेंडेन्सियों को कम करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी बैंको के प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय ऋण योजनाओं में संवेदनशीलता और क्रियाशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह को दिए जाने वाले लोन के संबंध में खराब स्थिति वाले बैंकों को लम्बित आवे. दनों को त्वरित कार्यवाही कर आवे. दनों का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित इत्यादि लाभार्थीपरक योजनाओं पर बैंको द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत बैंकों द्वारा दिए जा रहे। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एलडीएम, उपनिदेशक कृषि संतोष, नाबार्ड एवं आरबीआई के संबंधित अधिकारी सहित जनपद के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

## एक नजर

### राजकीय महाविद्यालय मथाना में प्रवेश प्रारंभ, प्राचार्य ने छात्रों से किया प्रवेश लेने का आह्वान



**कांठ।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से जुड़े राजकीय महाविद्यालय मथाना में प्रवेश प्रारम्भ हो गए है। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नजाकत हुसैन ने दी उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बीए के लिए हिंदी इंग्लिश इकोनॉमिक्स फिजिकल एजुकेशन सोशियोलॉजी पॉलिटिकल साइंस हिस्ट्री आदि सब्जेक्ट पढ़ाए जाएंगे। जबकि बीएसई के लिए फिजिक्स केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स जूलॉजी बॉटनी और केमिस्ट्री बीकॉम के लिए सभी विषय पढ़ाए जाने की व्यवस्था हो चुकी है। बताया कि प्राचार्य डॉक्टर नजाकत हुसैन, डॉक्टर संदीप कुमार गुप्ता, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, डॉक्टर मुदित सिंगल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है बाकि भी कार्यभार ग्रहण करने वाले हैं। प्राचार्य ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय में प्रवेश कराए जाने का आवाहन किया बताया कि प्रवेश लेने के लिए समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर फार्म की प्रति महाविद्यालय में जमा करनी होती है।

### तहसील बार कार्यकारिणी के लिए पहले होगा मतदान, बाद में मतगणना



**कांठ।** तहसील बार कार्यकारिणी के चयन हेतु आज प्रात: 10:00 बजे से मतदान शुरू होगा जो की 2 बजे तक चलेगा इसके बाद मतों की गिनती होकर नई कार्यकारिणी को घोषित कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी एल्डर कमेटी के संजीव कुमार बिश्नोई ने दी उन्होंने बताया कि मतदान संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। वर्तमान में रहे तहसील बार के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब ने आज खराब स्वास्थ्य के चलते अपना टेंडर वोट भी डाला है। बताया गया कि उन्होंने इसके लिए पत्र देकर टेंडर वोट की मांग की थी जिसको आज पूरा कराया गया आज होने वाले मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में भी खासा जोश देखा गया प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगा दिया सुरक्षा को लेकर मतदान और मतगणना होने तक पुलिस के तैनात करने की व्यवस्था भी की गई है।

# दहेज को लेकर महिला का उत्पीड़न दिया तीन तलाक, मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कानून की इतनी सख्ती के बाद भी महिलाओं के प्रति लोगों का रवैया नहीं बदल रहा है आज भी कम दहेज को लेकर महिलाओं के साथ मारपीट और उनका उत्पीड़न किए जाने की घटनाएं आम हो गई है। ऐसा ही एक मामला कांठ थाना अंतर्गत सलेमपुर गांव में सामने आया कांठ निवासी फारूख ने अपनी बेटी मुस्कान की शादी अमन पुत्र जावेद निवासी बल्हेरा पीर जी सलेमपुर के साथ 25 दिसंबर 2024 को की थी। शादी के वक्त तो किसी ने कुछ नहीं कहा लेकिन उसके एक माह बाद ही अमन उसकी मां और बहनों ने कम दहेज लाने का हवाला देते हुए ताने मारने शुरू कर दिए विरोध करने पर मारपीट करने लगे दो माह बाद उसे प्रेग्नेंट होने का पता चला तो अमन व उसके परिवार वालों ने उस पर चरित्रहीनता का आरोप लगाना शुरू कर दिया शादी के लगभग ढाई माह बाद महिला को ताकत की दवाई के नाम पर गर्भपात की दवाई खिला दी गई। जिससे उसका गर्भपात भी हो गया इसकी शिकायत उसने पति और सास से की तो उन्होंने बदचलनी का आरोप लगाकर घर से निकाल दिया और कहा कि मैने तुझे तलाक दे दिया है। अब तू आजाद है दूसरा निकाह कर लेना पीड़िता अपने मायके आ गई उसने पुलिस से मदद की गुहार लगाई लेकिन किसी तरह की मदद न किए जाने पर वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची उनके आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में टाइटन आई प्लस के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के लिए एक विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर टाइटन आई प्लस के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय रहते आंखों की देखभाल सुनिश्चित करना था।इस शिविर में टाइटन आई प्लस की अनुभवी चिकित्सकों और ऑप्टोमेट्रिस्ट्स की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा आंखों की गहराई से जांच की। इस अवसर पर टिमिट के छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शिविर में शामिल लोगों को



दृष्टि परीक्षण, कलर ब्लाइंडनेस, रिफ्रैक्शन एरर और स्क्रीन टाइम से होने वाली आंखों की समस्याओं से संबंधित परामर्श भी दिया गया। इसके साथ ही आंखों की थकावट, सूखापन और चश्मे के सही उपयोग के बारे में जागरूक किया गया।टाइटन आई प्लस की टीम ने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि किस प्रकार डिजिटल युग में आंखों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है, विशेषकर छात्रों और शिक्षकों के लिए जो अधिकतर समय स्क्रीन के सामने बिताते हैं।कार्यक्रम के अंत में टिमिट के डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, प्रोफेसर विपिन जैन ने टाइटन आई प्लस की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर हमारे संस्थान में स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। नेत्र जांच शिविर से विद्यार्थियों और स्टाफ को बहुत लाभ मिला है। हम टाइटन आई प्लस की पूरी टीम के प्रति हृदय से धन्यवाद प्रकट करते हैं, जिन्होंने न केवल आंखों की जांच की, बल्कि उपयोगी सुझाव भी दिए।

### पुलिस ने निकाला नगर में फ्लैग मार्च



**कांठ।** सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का आवाहन किया।

फ्लैग मार्च थाने से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ थाने पर ही संपन्न हुआ थाना प्रभारी निरीक्षक कस्बा इंचार्ज एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने नगर में घूम कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और प्यार और सौहार्द बनाए रखने का आवाहन किया। हालांकि भारी पुलिस बल को सड़कों पर निकलते देखकर कुछ लोग आश्चर्य चकित भी हुए।

## 35बी रेलवे फाटक के निकट सड़क निर्माण शुरू

**चन्दौसी।** लंबे समय के बाद नगर के 35बी रेलवे फाटक के बराबर स्थित कब्रिस्तान का अतिक्रमण अब सड़क तैयार की जा रही है। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा रातों रात पहले बिजली के तार हटवाए गए, इसके बाद 11 मीटर तक अतिक्रमण हटाकर निशाल लगाये गये और सड़क बनाने की जिम्मेदारी ठेकेदार को दे दी। बुधवार को सड़क के किनारे ग्रीन पट्टी तैयार उसमें कलरपुल लाइट लगाने की बात कही। वहीं सड़क निर्माण भी शुरु कर दिया गया। ठेकेदार ने बताया कि दो दिन के अंदर सड़क पड़ जायेगी। अब 35 बी रेलवे फाटक से आवागमन में काफी सुविधा रहेगी।

# व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष का भंडारा बना हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष याद कुमार डूडेजा ने अपने आवास पर बड़े मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ करवाया। पाठ के उपरांत आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इसके उपरांत उन्होंने भंडारे का आयोजन किया जो नगर की हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करने की मिसाल बन क्योंकि इस भंडारे में उन्होंने सभी जाति वर्ग के लोगों को भोजन के लिए आमंत्रित किया था और सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी भी की।

देर रात तक भंडारे का आयोजन चला और सभी ने उनके एकता को मजबूत करने के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की।



कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि याद कुमार जी का नगर का पुराना प्रतिष्ठित व्यापारी घराना है इन्हें सौहार्द और एकता की भावना अपने दादाजी और पिताजी से विरासत में मिली है इसलिए सबको जोड़कर चलते हैं। भंडारे में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार धीरेश कुमार, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, अभिनय सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता ऋषिपाल सिंह, राकेश जैन, समीर जैन, चंदन डूडेजा, नितिन डूडेजा, ममता डूडेजा, रामकिशन डूडेजा, प्रेम किशन डुडेजा, नेहा, गीतिका डूडेजा, भरत, कार्तिक डूडेजा, केतन डुडेजा, मान्या, हरीश डूडेजा, सुमन डूडेजा, प्रीति डूडेजा, कंचन, पूनम डूडेजा, सोनी, कुश,घनश्याम डूडेजा, नीना डुडेजा, रेनू डुडेजा, शिल्पी जैन, रेखा जैन, सुधीर अग्रवाल, प्रदीप सिंघल मिशिता जैन, अरिहंत जैन, शशांक जैन, केशव अग्रवाल, आईएमए के संरक्षक डा तिलक राज आहूजा, विवेक आहूजा आदि शामिल रहे।

### विकासखंड बनियाखेड़ा परिसर में हुआ योग शिविर का आयोजन



**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा परिसर में बुधवार को योग शिविर का शुभारंभ किया गया जो कि 17 जून तक चलेगा। योग शिविर में ब्लाक कर्मचारियों के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा आदि सम्मिलित हुए। यहां बताते चलें कि जून माह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पखाड़ा का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह द्वारा किया गया। योग शिक्षिका द्वारा विभिन्न योगासन कराये गये। योग शिक्षिका ने कहा कि योग करने से हमारा सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्त रहता है। यदि आप अपना कुछ समय योग को देते हैं तो आप बीमारियों से मुक्त रहेंगे। आजकल की भागदौड़ के दौर योग अत्यंत आवश्यक है। बुधवार को लगभग एक घंटे तक योगाभ्यास कराया गया। शिविर में वीडीओ कमलकांत, एडीओ पंचायत नीरज कुमार सिंह, सुधीर कुमारर, शकुंतला कुमारी, कविता, जलधारा, ममता रानी, नीलम, रुपरानी, मोहिनीबाला, संजय, प्रेमजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू मेडिकल के न्यू पीजी स्टुडेंट्स को समझाए एथिक्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमडी और एमएस 2024-25 बैच के मेडिकल पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 136 न्यू कमर्स स्टुडेंट्स को हॉस्पिटल और कॉलेज की फैसेलिटीज, कार्यप्रणाली, पेशेंट्स, तीमारदारों और सहकर्मियों से बात. चीत की तरीके, मरीजों के अधिकार, डाटा की कॉन्फिडेंसिटी को मेंटेन रखना, मेडिकल रिकार्ड को मेंटेन रखना, मेडिकल लीगल इस्यूज को मैनेज करना, सुरक्षित तरीके से रक्त को चढ़ाना, उचित दवाइयों का प्रयोग करना, रेडियोलॉजी और लैब के फॉर्म को सही से भरना ताकि सही जांच और हो सके, बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण करना, पेशेंट के अनुमति पत्र को भरना, ड्रग्स के साइड इफेक्ट्स का रिकॉर्ड रखना, आयुष्मान योजना की जानकारी, मेडिकल साइंस में रिसर्च आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर फैकल्टी ऑफ मेडिसिन साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन की बतौर मुख्य अतिथि, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी मौजूदगी रही। साथ ही पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन प्रो. वीके सिंह, को-ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवम् मेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. अमित सराफ और ज्वाइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. राजुल रस्तोगी आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेडिकल कॉलेज के



वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा और फिजियोलॉजी के हेड डॉ. जयबल्लभ कुमार ने एडीआर रिपोर्टिंग/फर्माकोविजिलेंस, प्रिस्क्रिप्शन राइटिंग और रेसनल यूज ऑफ ड्रग्स के बारे में विस्तार से बताया। माइक्रोबायोलॉजी के एचओडी डॉ. उमर फारूख ने मेडिकल वेस्ट का निपटान करने के सुरक्षित तरीकों तो रेडियोडाग्नोसिस विभाग के हेड प्रो. विजय प्रताप सिंह और डॉ. सौभाग्या श्री ने रेडियोलॉजिकल पर प्रकाश डाला। ईएनटी के एचओडी डॉ. प्रोबल चटर्जी और माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिंह ने स्टेरेलाइजेशन, डिसइंफेक्शन और सेंट्रल हॉस्पिटल सप्लाई के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. अशोक कुमार सिंह और पीडियाट्रिक विभाग की हेड डॉ. रूपा आर. सिंह ने यूनिवर्सल प्रीकॉशन्स के तहत सर्जरी के समय पेशेंट को या उसके शरीर के किसी भी पार्ट को हैंडल करते समय रखे जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कैजुअलटी की एनसथिसिया इंचार्ज डॉ. विनम्रा तिवारी और डॉ. विपिन अग्रवाल ने मेडिकल रिकॉर्ड के डाक्यूमेंटेशन और इमरजेंसी के विभिन्न कोड्स के बारे में चर्चा की। एन्सथीसिया के हेड डॉ. मुकेश कुमार प्रसाद और एन्सथीसिया विभाग की डॉ. पायल जैन ने बताया, पेशेंट पर कोई भी प्रोसीजर करने से पहले उसे कौन-कौन सी बातें बतानी चाहिए और किस प्रकार से बतानी चाहिए। साथ ही अनुमति पत्र तैयार भी बताया। एन्सथिसिया की डॉ. संभवी चौहान और स्त्री एवम् प्रसूत रोग विभाग की हेड डॉ. मनप्रीत कौर ने इमरजेंसी प्रैक्टिस के संग-संग मेडिकल इश्यूज और मेडिकल एथिक्स के बारे में चर्चा की। डर्माटोलॉजी की एचओडी डॉ. प्रवथी सीएन और टीएमयू हॉस्पिटल के आयुषमान कोर्डिनेटर डॉ. नासिर खान ने आयुषमान स्कीम का परिचय देते हुए आयुषमान योजना के तहत पेशेंट को रजिस्टर और ट्रीट करने की प्रक्रिया को समझाया

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## ब्रजघाट में स्थानीय के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर के अवसर पर हाईवे स्थित बृजघाट और तिगरी गंगा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए गंगा मैया से अपने घर परिवार में सुख, स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। महिला पुलिस भी मुस्तैद रही।

बता दें कि बृजघाट हाईवे पर स्थित है इसलिए यहां पर न केवल अमरोहा जनपद बल्कि आसपास

**■ तिगरी धाम में भी देखने को मिली भीड़**

के राज्य जैसे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु स्नान को पहुंचते हैं। दूर से आने वाले श्रद्धालु तो स्नान की पूर्व संध्या पर ही पहुंच जाते हैं और रात भर यहां स्थित होटलों, धर्मशालाओं आदि में आश्रय लेकर भोर के समय गंगा मैया के पवित्र जल में स्नान करते हैं। बुधवार को भी श्रद्धालुओं ने मां गंगा के जयकारे लगाते हुए आस्था की डुबकी लगाई। 'हर-हर गंगे' के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पुरोहितों से भगवान श्री सत्यनारायण की कथा का जाप भी कराया और निर्धनों व जरूरतमंदो को दान भी दिया। वहीं समाजसेवियों द्वारा गर्मी को देखते हुए जगह-जगह ठंडे पानी और शर्बत की व्यवस्था की गई। तिगरीधाम में ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों के श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचे। दोनों ही स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस तैनात रही।

# वन विभाग के पिंजरे में नहीं फंसा तेंदुआ

## दो किसानों को फिर दिखाई देने से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शनिवार को तेंदुए ने गांव कुतुबपुर हमीदपुर में छह किसानों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया था। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने तेंदुए को मौके पर ही पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। हंगामे के बाद मामले में दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस ग्राम प्रधान के भाई समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर चुकी है। तीनों अभी जेल में है, उन्हें जमानत नहीं मिल सकी है। गांव में तभी से तेंदुए के साथ पुलिस कार्रवाई को लेकर दहशत बनी है। इसके बाद से तेंदुआ और दो शावक गांव में कई बार दिख चुके हैं। तेंदुआ एक किसान की पशुशाला में बंधी बकरी का भी शिकार कर चुका है। सोमवार को वन अफसरों ने गांव के दो खेतों में कुछ फासले पर दो पिंजरे लगा दिए थे लेकिन तेंदुए को जाल में फंसाने के लिए उसमें शिकार नहीं बांधा था। जिसे लेकर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम गांव कुतुबपुर हमीदपुर से सटे गांव मोहनपुर शुमाली के जंगल में तेंदुए को देखे जाने के दावे से दोनों गांवों में खलबली मच गई। यहां रहने वाले किसान साबिर अपने खेत में फसल की सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान गन्ने के एक गन्ने के खेत से बाहर निकला तेंदुआ उनके खेत की मेड़ पर खड़े होकर पानी पीने लगा। दूसरे खेत में काम कर रहे गांव कुतुबपुर हमीदपुर के पूर्व प्रधान के भाई राजवीर ने तेंदुए को पानी में उछलते कूदते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। तेंदुए को देखकर साबिर और राजवीर ने उल्टे पांव गांव की तरफ दौड़ लगा दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर वहीं पहुंचे जहां तेंदुए को देखा गया था लेकिन तेंदुआ कहीं नजर नहीं आया। दूसरी तरफ नींद से जागे वन अफसरों ने कुतुबपुर हमीदपुर के जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए दो पिंजरों में से एक में बकरी बांधी है

# किसान, मजदूरों की आवाज थे पायलट

### पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की।

पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। सबसे पहले उन्होंने उनके चित्र पर मायाल्पर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि राजेश पायलट किसानो, मजदूरों, नौजवानों की सशक्त आवाज रहे। उन्होंने देश के विकास के लिये नई नीतियां बनाई। भारत माता के प्रति प्रेम उनके रोम-रोम में भरा था। उन्होंने अपने प्राणों की रक्षा न कर नकस्लवाद व आतंकवाद का सफाया किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। क्योकि उन्होंने भारत के विकास, किसानों के शोषण, नौजवानों के लिये रोजगार की बात हमेशा प्रमुखता से उठाई। वह दलितों और पिछड़ों के भी सच्चे हितैषी थे। कार्यक्रम में विधान सभा प्रभारी आसिम हुसैन साबरी, चौधरी सुखराज सिंह, तारीख मौहम्मद खां, मौहम्मद शाहिद, डा. मेराज हुसैन, जयपाल सिंह, विनोद कुमार सक्सैना, ख्यालीराम राणा, अनवर हुसैन, मयंक गुर्जर, मौ. इमरान, वाहिद सैफी, मेराजुल, जीशान अली, बब्बन हुसैन, हर स्वरूप सिंह, राजपाल सैनी, चन्द्रपाल चौहान मौजूद रहे।

# बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर नगर की चरमराई विद्युत व्यवस्था को सुधारे जाने की मांग की है।

बुधवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव एडवोकेट ने बताया कि नगर के समस्त नागरिक तीन दिन से बिजली नहीं आने से परेशान है। जिससे उनके सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया। नगर में दो-तीन दिन से तो बिल्कुल बिजली नहीं आ रही है। विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं और ना ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विद्युत व्यवस्था में सुधार कराया जाना जनहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को विवश होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव एडवोकेट,अनुपम त्यागी,प्रमोद कुमार शर्मा, मोहित त्यागी,अरुण नागर, टेकचंद सिंह एडवोकेट, नरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, प्रवीण अग्रवाल, अरूण त्यागी आदि मौजूद रहे।

# दीवान-ए-फराज का कमाल ने किया इजरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के प्रसिद्ध कवि सुलेमान फराज की काव्य रचना दीवान-ए-फराजका विमोचन किया गया। दीवान का अनावरण पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर द्वारा किया गया। इस दौरान कमाल अखघ्तर ने कहा कि सुलेमान फराजघ ने हमेशा उर्दू साहित्य के लिए बड़ी सेवाएँ दी हैं। उन्होंने न सिर्फ अपनी बल्कि अन्य कवियों की रचनाओं को भी प्रकाशित करवाकर हसनपुर के उर्दू साहित्य में बहुमूल्य वृद्धि की है। इस दौरान चुनिंदा शायरों ने इस तरह कलाम पढ़ाष्ष्ठ बात के बिगड़ने में लम्हा भी नहीं लगता,

उम्र गुजरी जाती है बात के बनाने में। उस्ताद मुजीब बेग ने पढ़ा किस तरह पोशीदा रहती राजदारी आप की, खोल दी आँखों ने आखघ्रि बेकरारी आप की। उस्ताद मास्टर मुसर्रत कुछ यूं कहा आईने अपनी ही हालत में रहा करते हैं, सिर्फ इंसान की तस्वीर बदल जाती है। आरिफ हसनपुरी ने फरमाया तुम हसनपुर के वो पहले साहिब-ए-दीवान हो नाज है तुम पर, हसनपुर को तुम इस की शान हो। मुजाहिद अंसारीने पढ़ा वो खघ्ुद खामोश ही कब हो रहा था, तमांचा वक्त ने मुँह पर जड़ा है। सुलेमान फराज हसनपुरी पढ़ा शोहरत से भी दुआओं से भी माला माल है, बेटा उझारी का है हसनपुर का लाल है, दुश्मन भी खघैफ खाते हैं उस की दहाड़ से, शे'रों में ऐसा शे'र हमारा कमाल है। सदारत पूर्व चेयरमैन अलीमुद्दीन सैफी ने तथा निजामत आरिफ हसनपुरी ने की। पूर्व चेयरमैन अलीमुद्दीन, शहाबुद्दीन मुल्तानी, हबीबुर्रहमान सैफी, नोफिल सैफी मौजूद रहे।

# चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**गजरौला।** थाना पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी सूबे उर्फ सूबिया पुत्र अतरसिंह निवासी मुरादपुर, मलखे पुत्र पूरन व सोनू शर्मा पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम सुल्तानठेर थाना गजरौला व अमित पुत्र किशन सिहं निवासी कस्बा गजरौला विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने बुधवार को इन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जोगेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सहन्सरपाल सिंह व अतवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ आरक्षी भूपेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, आकाश कुमार व विनय कुमार आदि शामिल रहे।

# कीटनाशक दवाओं का कम प्रयोग करें किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अन्तर्गत जोया ब्लॉक के ग्राम सुदनपुर, पपसरा, कूबी, बुढनपुर, दीपपुरा, चकपायती, फतेपुर माजरा जिलाई, हसनपुर कलां एवं खप्या माफी में आयोजित कृषि संकल्प अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र एवं केंद्रीय गौ वंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के वैज्ञानिकों तथा कृषि , गन्ना, उद्यान, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की तीन संयुक्त टीमों ने गांव- गांव में जाकर किसानों को खरीफ फसलों, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, गन्ना के साथ सहफसली खेती फसल सुरक्षा, पशुपालन संबंधी समस्याओं के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गौ-वंश अनुसंधान संस्थान मेरठ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.सुनील कुमार, डॉ.सुमित महाजन एवं डॉ.अंजलि, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ.एके मिश्र ने किसानों से कीटनाशकों एवं फफूंद नाशक दवाओं के कम से कम प्रयोग की अपील की, कहा कि ये मृदा व फसलों को क्षति पहुंचाते हैं। इस मौके पर डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ.अमित तोमर समेत उद्यान, गन्ना, सहका. रिता, पशुपालन समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने छीना लोगों से रोजगार: मस्तराम

### प्रदेश में सपा की बनेगी सरकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भाजपा राज में हर वर्ग परेशान है। थाने, तहसील, सरकारी अस्पताल भ्रष्टाचार के अडडे बने है। कार्यालय पर सपा की बैठक हुई। जिसमें बोलते जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता का रोजगार छीन लिया है। जबकि सरकारी विभागों में सबसे ज्यादा लूट खसोट की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग परेशान है। किसानों को फसलों की सिंचाई के लिये बिजली नहीं दी जा रही। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने कहा कि सपा सरकार में कई एकसप्रेस वे मार्गो का निर्माण कराया गया। महिलाओं, छात्राओं की सुरक्षा का यह हाल था कि वह बिना किसी डर के कभी भी आ जा सकती थी। बैठक में प्रदेश सचिव आसिफ कुरैशी, डा. अनीस अहमद, जिला महासं. चव चन्द्रपाल सैनी, संतराम सिंह यादव, पीतम सिंह, योगेन्द्र खडगवंशी, महेश यादव, प्रशांत पवार, नरेन्द्र सिंह, विकिल चौधरी, धर्मपाल सिंह, रविपाल चिक. ारा, जुबैर अली, मोबीन शाह, सलमान प्रधान, रविन्द्र कुमार, मिंटू सिंह मौजूद रहे।

# छुट्टा गोवंश को पकड़कर गौशाला भेजा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरा ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष महेश ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में घूम रहे खूंखार आवारा सांड व गायों को पड़कर तत्काल गौशाला में भेजा जाए। आवारा पशु आए दिन लोगों को मौत के घाट उतार रहे हैं। गंगेश्वरी क्षेत्र में नई तहसील का निर्माणघ्अति शीघ्र कराया जाए। गांव गांव हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत नालियां व सड़क खोदकर छोड़ दी गई है जिनका अभी तक ऊपर से समतली करण नहीं हुआ है।लोगों को परेशानियो का सामना करना पड रहा है। सड़कों को तत्काल रूप से दुरुस्त कराया जाए। गुरेठा में बनी वृहद्ध नंदी गौशाला की चारदीवारी जल्दी से जल्दी कराई जाए। दड़ियाल फीडर पर जर्जर लाइन आए दिन फाल्ट कर रही हैं इसको अति शीघ्र बदला जाए। हरिद्वार में शुरू हो रहे 15-6- 2025 को चिंतन शिविर में अधिक लोगों को चलने की अपील की गई।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी, महावीर, प्रकाश, आलोक, महेश पहलवान, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे



# आपसी विवादों को समझौते से निपटाए

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीत ने अधिकारियों को आदेश दिये कि वह विवादों का निपटारा मौके पर जाकर आपसी समझौते से कराये। महिला अपराधों को गंभीरता से लें।

बुधवार को विकास भवन में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला राज्य आयोग की सदस्य संगीता ने कहा कि महिलाओं अपराधों को अधिकारी गंभीरता से लेकर निष्पक्ष कार्रवाई करें। इस दौरान तीन महिलाओं ने उनके सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर उन्होंने भरोसा दिया कि उनके खिलाफ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। श्रीमती संगीता ने वन स्टाप सेंटर, जिला संयुक्त चिकित्सायल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धाश्रम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां साफ सफाई का निर्देश देता कहा कि यहां गंदगी कभी नहीं मिलनी चाहिये। समीक्षा बैठक में सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राक. ेश सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता दिवेदी, डीपीओ संजीव कुमार, सीओ अंजली कटारिया, एसओ महिला थाना निधि चौधरी, कंचन टोलिया आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### महिलाओं ने किया शरबत का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर बुधवार को हैल्पिंग हैंड्स की टीम ने गंगा धाम तिगरी पर छबील लगाकर शरबत और छोले चांट का वितरण किया। हेल्पिंग हैंड टीम से जुड़ी सभी महिलाओं ने मानव सेवा करते रहने का संकल्प भी लिया। अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। हर छोटी खुशी एक दीपक है, जो हमारे जीवन को रोशन करता है। जब हम दूसरों के साथ अपनी खुशियाँ बांटते हैं, तो वे कई गुना बढ़ जाती हैं। छोटी-छोटी बूंदें मिलकर एक विशाल सागर का निर्माण करती हैं, ठीक उसी तरह छोटी-छोटी खुशियाँ मिलकर जीवन को सफल और सार्थक बनाती हैं। हैल्पिंग हैंड की टीम ने छोटी-छोटी खुशियों को महत्व देते हुए खुशियों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास किया। सचिव सिम्मी अग्रवाल ने कहा खुशियों को दूसरों के साथ बांटना यही जीवन की सच्ची सफलता है, और यही हमें सच्ची खुशी देता है। इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड धनौरा की अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल, सचिव सिम्मी अग्रवाल, दीप्ति, रितिका ,उमा, कमलेश,रीता, सुषमा, मुक्ता ,रमा , विनेश आदि मौजूद थे।

### वाईएमएस में हुआ टेबलेट का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को वाईएमएस डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निशुल्क टैबलेट का वितरण किया गया। कॉलेज के प्रबंधक रियाज अहमद ने कहा कि छात्रों के हित में प्रदेश सरकार ने निशुल्क स्मार्टफोन व टैबलेट योजना शुरू की है। स्मार्ट फोन व टैबलेट का सही इस्तेमाल करने की जरूरत है। छात्र मोबाइल व टैबलेट पाकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आसानी से करके जीवन का लक्ष्य पा सकेंगे। प्रचार्य डॉ एके सिंह ने कहा छात्र छात्राएं सरकार द्वारा प्रदत्त स्मार्टफोन व टैबलेट का प्रयोग अच्छी शिक्षा के लिए करें। मोबाइल, टैबलेट वितरण करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। टैबलेट व स्मार्टफोन से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा अब विद्यार्थियो को टेबलेट या फिर स्मार्टफोन खरीदने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में सोचने की आवश्यकता नहीं है। यह तकनीक का युग है। ऐसे में स्मार्ट फोन व टैबलेट युवाओं को इस दिशा में अपडेट रहने में मदद करेगा। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### समर कैम्प में बच्चों ने की मौज मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक संसाधन केंद्र स्थित कम्पोजिट स्कूल चन्दनपुर खादर में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को शैक्षिक किट देकर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने बताया कि ब्लॉक में 22 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक मानसिक विकास करना है। इस समर कैंप में छात्र छात्राओं को योगा, क्राफ्ट,पोस्टर प्रतियोगिता,निबंध प्रतियोगिता, स्थानीय प्राकृतिक स्थितियों एवं गांव में स्थित प्राचीन स्थल आदि की जानकारी प्रदान की गयी। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शैक्षिक किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, पंचायत सचिव मोनू सिंह, राजेश कुमार, एआरपी महीपाल सिंह, वरिष्ठ संकुल शिक्षक प्रमोद कुमार, मनोज कुमार शर्मा, जयपाल सिंह, राहुल सागर, नाजिर अली, सतेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, रेनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डब्ल्यूटीसीः विजेता पर होगी पैसों की बारिश




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में इस मैच को लेकर उत्सुकता और बढ़ती जा रही है। 11 जून से लार्ड्स के मैदान में खेले जाने वाले इस फाइनल की इनामी राशि का खुलासा आईसीसी ने मई में किया था। आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्करण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डालर यानी 30.81 करोड़ रुपये

**■ विजेता टीम को पिछले संस्करण से दोगुनी रकम मिलेगी**

मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डालर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी रनर अप को 2.1 मिलियन अमेरिकी डालर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डालर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

आईसीसी ने अपने बयान में कहा, श्पुरस्कार राशि में वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है, क्योंकि यह नौ टीमों की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को बनाए रखेगा। इस डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू सीरीज जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए, जबकि भारत ने अधिकांश समय तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद 50.00 अंक प्रतिशत हासिल किए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। खासकर लार्ड्स में खेलना ऐतिहासिक होगा। यह पिछले दो वर्षों में हमारे सभी खिलाड़ियों की मेहनत है, जिसने फाइनल में पहुंचने में मदद की। यह हमारे लिए सम्मान की बात है।



# इंग्लैंड में भारत को खलेगी दिग्गजों की कमी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो

**■ रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन व शमी के आंकड़े दे रहे तथ्यों की गवाही**

रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने आलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे।



दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज की।

## बीसीसीआई ने पूरी दुनिया को बुलाया थाः कर्नाटक सरकार

# भगदड़ की जिम्मेदारी बोर्ड और आरसीबी की:हाईकोर्ट

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया। सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि आयोजकों ने आधिकारिक अनुमति प्राप्त किए बिना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसाले समेत चार लोगों की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान, राज्य का पक्ष ले रहे महाधिवक्ता सामान्य शशि किरण शेट्टी ने कहा कि फ्रैंचाइज़ी ने तीन जून को मैच से केवल एक घंटे पहले एक अभिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे एक विजय समारोह आयोजित करेंगे। शेट्टी ने अदालत को बताया कि यह अनुमति का अनुरोध नहीं था, यह केवल एक सूचना थी। उन्होंने कहा कि औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद, आरसीबी और बीसीसीआई ने तीन जून की रात से चार जून की सुबह के शुरुआती घंटों में सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया, जिसमें प्रशंसकों से जश्न में शामिल होने का आग्रह किया गया। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी प्रशकों का स्वागत है।




**■ औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद आरसीबी और बीसीसीआई ने 3 जून की रात से 4 की सुबह के शुरूआती घंटों में सोशल मीडिया पर प्रचार किया**

ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने पूरी दुनिया को आमंत्रित किया है। सरकार के अनुसार, इस लापरवाह प्रचार के कारण 3-5 से चाल लाख लोगों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर जमा हो गई, जबकि इसकी बैठने की क्षमता केवल 33,000 है। प्रवेश के लिए स्पष्ट संचार के अभाव में स्थिति और बिगड़ गयी, जिसके कारण भगदड़ हुई और कई लोगों की जानें गई और कई अन्य घायल हो गए। शेट्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आरसीबी या बीसीसीआई से कोई प्रत्यक्ष संवाद नहीं हुआ( केवल कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) से पत्राचार हुआ। फिर भी, क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी ने ऐसा दर्शाया कि इस कार्यक्रम को आधिका. रिक मंजूरी प्राप्त है। महाधिवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरसीबी ने परेड को एक सरकार-समर्थित कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, जबकि वास्तव में, यह पूरी तरह से एक निजी कार्यक्रम था। शेट्टी ने कहा कि वे इस अदालत में गलत नीयत से आये और इसे गुमराह करने का प्रयास किया। अदालत में पेश किए गए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ के अनुसार, आरसीबी और बीसीसीआई के बीच हुए समझौते के अंतर्गत, टिकटिंग, सुरक्षा और गेट प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से फ्रैंचाइज़ी और क्रिकेट बोर्ड की थी। इस त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी। कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और एक नए पुलिस आयुक्त की नियुक्ति की गयी। शेट्टी ने कहा कि सीआईडी को जांच का जिम्मा सौंपने का समय मायने नहीं रखता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराया

**एंटवर्प, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम 2-1 से हराया। बेल्जियम में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से लालथंतलुंगी ने (35वें) मिनट और गीता यादव ने (50वें) मिनट में गोल किए। पहला हाफ कड़े मुकाबले के बीच दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। 35वें मिनट में लालथंतलुंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। इसके के बाद अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की वैन हेलेमोंट ने (48वें) मिनट में बेल्जियम के लिए मैदानी गोलकर स्कोर से 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, दो मिनट बाद ही गीता यादव ने भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।



# टीम इंडिया ने की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

**■ कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ी फील्डिंग का अभ्यास करते नजर आए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए। 6 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हुई थी टीम इंडिया भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। रो. हित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन का हुआ था आयोजन भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, पंत (उपकप्तान), ध्रुव, नीतीश, शार्दूल, जडेजा, वॉशिंगटन, बुमराह,सिराज, प्रसिद्ध, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगक. ांग ने इंजरी टाइम में गोलकर हराया। यहां काई टैक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्टीफन के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मेजबान हांग कांग के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। हॉफ टाइम के बाद कुरुनियन व ब्रैंडन की जगह नाओरेम के साथ सुनील को मैदान में उतरे। इस दौरान भारतीय प्लेयरों के पास कई बार गोल करने के मौके आए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब टीम इंडिया के गोलकीपर विशाल गोल लाइन से बाहर आए।

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद की पूजा टिकमाणी ने बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ब्राजील विश्वकप के लिए क्वालिफाई

**विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालिफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप में जगह पक्की की**

**साओ पाउलो, वार्ता।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गए गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुक. ाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गए है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है।

ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

# तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा अब काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। उन्होंने हैंपशायर का दामन थाम लिया है।

इसकी जानकारी हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को की। एचसीए ने बताया कि तिलक काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के 22 वर्षीय बल्लेबाज ने भारत के लिए 25 टी20 और चार वनडे मैचों में क्रमशरू 749 और 68 रन बनाए हैं। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हैं। एचसीए ने विज्ञप्ति में कहा- हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप

**■ मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज अब कांउटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे**

लीग में खेलने के लिए हैंपशायर काउंटी टीम ने संपर्क किया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशायर काउंटी के साथ शानदार जुड़ाव के लिए शुभकामनाएं देता है। तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैचों में 50.16 की औसत से 121 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1204 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच शतक और चार अर्द्धशतक दर्ज हैं। इस सीजन आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 मैच खेले। इनमें तिलक ने 138. 30 के स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए। उनके नाम दो अर्द्धशतक दर्ज हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 212 पर रोका

## कगिसो रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 212 रन पर ऑलआउट हो गई। लंदन के लाड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आस्ट्रेलिया से ब्यू वेबस्टर (72 रन) और स्टीव स्मिथ (66 रन)कीपर एलेक्स कैरी 23 रन ही बना सके। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट झटके।

मार्को यानसन को 3 विकेट मिले। बुधवार को मुक. ाबले का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट पर 19 रन बना लिए हैं। वियान मुल्डर (एक रन) और कप्तान टेम्बा बावुमा (शून्य) क्रीज पर हैं। मिचेल स्टार्क ने ऐडन मार्करम (शून्य) और रायन रिकेलटन (16) को पवेलियन भेज दिया हे। 9वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क के ओवर की चौथी बाल पर रायन रिकेलटन 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दूसरा विकेट मिला। स्टार्क ने पारी के पहले ओवर में ऐडन मार्करम को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क ने ओवर की आखिरी बाल पर ऐडन मार्करम को बोल्ड बोल्ड किया। वे खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर आस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी। 57वां ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा ने मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर दिया है। इसी के साथ आस्ट्रेलिया पहली पारी में 212 रन पर आलआउट हो गई। रबाडा ने इस पारी में 5वां विकेट लिया है। उन्होंने स्टार्क से पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन), कप्तान पैट कमिंस (01 रन), ओपनर उस्मान ख्वाजा (00) और कैमरन ग्रीन (4 रन) को भी आउट किया। 56वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 9वां विकेट गंवाया। नाथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने ट्रैविस हेड (11 रन) और मार्नस लाबुशेन (17 रन)को भी पवेलियन भेजा। 55वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 8वां विकेट गंवाया। यहां ब्यू वेबस्टर 72 रन बनाकर आउट हुए।



# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का सूपड़ा साफ किया

**इंग्लैंड, वार्ता।** बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गें. दों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गें. दबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से

# महिला यात्री का बैग गायब पुलिस ने एक घंटे में किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी नगर में बुधवार दोपहर चंदौसी निवासी महिला कुसुम अपने परिवार के बच्चों के साथ चंदौसी जाने के लिए एक ई रिक्शा में बैठी और बस स्टैंड पर उतर गई। ई रिक्शा से उतरने के बाद महिला को याद आया कि उसका बैग ई रिक्शा में ही रह गया है। महिला यात्री कुसुम ने इसकी सूचना बिलारी थाने में दी।

महिला की सूचना पर थाने के दरोगा सुनील कुमार ने तत्काल प्रयास करके एक घंटे में ई रिक्शा चालक के हुलिया की जानकारी करके उस महिला का बैग बरामद कर लिया। और महिला यात्री को सौंप दिया। पुलिस की सक्रियता को लेकर लोगों ने प्रशंसा की।



## धड़ल्ले से हो रहा नशे का कारोबार

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में नशे का कारोबार होता हुआ आसानी से देखा जा सकता है लंबे समय से यह कारोबार इस क्षेत्र में फल फूल रहा है जिसके चलते क्षेत्रवासियों का जीना दुश्वा है। आएदिन मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं बीते माह 14 मई को भी ढक्का में कई लोगों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी थी जहाँ नशेली सामग्री बिकती है। मंगलवार 10 जून को भी रात्रि के साढ़े आठ बजे एक युवक को करीब दर्जन भर लोगों ने जमकर बुरी तरह पीटा जिसकी सूचना तुरंत ही मझोला इस्पेक्टर को दी गई लेकिन 4 घण्टे बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर कोई पुलिस कर्मी तक नहीं पहुंचा । वही पूर्व में हुई फायरिंग की घटना में भी किसी आरा. पी की गिरफ्तारी सामने नही आई।

# दादा करम अली शाह के उर्स में उमड़े अकीदतमंदों ने की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित हजरत दादा करम अली शाह की दरगाह पर सालाना उर्स के कुल शरीफ का आयोजन किया गया, जिसमें अकीदतमंदों ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए विशेष दुआ की।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर विशेष दुआएं मांगी। बताया गया कि सूफी संतों की दरगाह में लोग मन्नत मांगते हैं और फैजयाब होते हैं, यहां पर सभी वर्गों के लोग आते हैं। इससे पहले बीती रात फिरोजाबाद से आए कव्वाल अनवर जमील साबरी ने शानदार कव्वालियां पेश की और मौजूद लोगों की खूब वाहवाही लूटी। दरगाह परिसर में चादरपोशी करने वालों की लंबी कतार लगी रही। दादा मियां का 2 बजकर 38 मिनट पर कुल शरीफ संपन्न हो गया, रात्रि वाले कुल शरीफ में समसुद्दीन रजा ने विशेष दुआ कराई और बुधवार को दोपहर 2:38 पर कुल शरीफ में मौलाना अतहर रजा ने मुल्क और मिल्लत के लिए विशेष दुआ कराई। इस दौरान मुख्य रूप से दरगाह सेक्रेटरी सरफराज सैफी, कारी जहीर बरकाती, अख्तर हुसैन सैफी, बबलू मसूदी, अख्तर अली फारुकी, इकबाल हुसैन साबरी, वकील फारुकी, मोहम्मद सिमरान, विनोद कुमार, असलम हुसैन सैफी, मोहम्मद इब्राहिम रजा, हैदर अली, मोहम्मद आसिफ, मैराज फारुकी, हाफिज मोहम्मद अनस आदि सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे।



# भारतीय जनता पार्टी ने किया प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी सम्भल के तत्वाधान में बुधवार को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ अन्य अतिथियों ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रजजवलित एवं पुष्पार्चन के साथ किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं बृज क्षेत्र के महामंत्री हेमंत राजपूत ने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर देश को आगे बढ़ाया है। इन 11 सालों में मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। देश में 11 साल पहले, तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनीतिक संस्कृति का तरीका बन गया था लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेह सरकार आई है, उसने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की और सरकार जो काम कर रही हैं, उसे जनता के सामने रखे। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। उसी तरीके से महिलाओं पर आधारित विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाया है। इस दौरान महिलाओं को लखपति दीदी से लेकर स्वयं सहायता समूहों को प्रमोट करने तक मोदी सरकार ने महिलाओं और एससी-एसटी और ओबीसी सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया। मुख्य वक्ता लोकसभा संभल के पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में कितने लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। सरकार गरीबी हटाओ का नारा लेकर नहीं चली बल्कि गरीब कल्याण करके दिखाया है। लगभग देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, इसी तरीके से अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ शौचालय बनाने तक सीमित नहीं है, स्वास्थ्य के नजरिए से देखें तो भी हमें स्वच्छ भारत अभियान का सीधा फायदा मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ एन.के. अग्रवाल ने की एवं संचालन संयोजक सुधीर मल्होत्रा एवं मनोज दिवाकर ने किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, जिला संयोजक योगेंद्र त्यागी, चंद्रपाल सिंह, मंजू दिलेर, साध्वी गीता प्रधान, मनोज कठैरिया, अंकित जैन, डॉ टीएस पाल, सतीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, ओमप्रकाश चावला, विनोद बिन्नी, कवि माधव मिश्र, अरविंद एमडीएच, डॉ वीरेश कुमार, संगीता भार्गव, विनोद शर्मा, गिरीश रतन, तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, डॉ दुर्गा टंडन, यश मदान, फूल प्रकाश, प्रेम ग्रोवर, सुधा शर्मा, गिरीश रतन, ललित मोहन शर्मा, रामनरेश यादव, शिवकुमार सैनी, अमन कोरी, निशांत शर्मा, राजकुमार ठाकरे, विक्रम सिंह, प्रेम ग्रोवर, गिरीश बंधु, आशा गोस्वामी, मोक्षिका शर्मा, पंकज गुप्ता, रेनू शर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, रोहित आदि उपस्थित रहे।




# योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं तक की यात्रा है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड के द्वारा बिंदल फार्म हाउस चंदौसी मे ग्यारह दिवसीय योग शिवर का बुधवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में प्रशिक्षित ट्रैनर श्रुति अग्रवाल के द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियों को योग के द्वारा कैसे सही किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की और समझाया कि आजकल के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस होती है। ऐसे में योग एक अद्भुत साधन है जो न केवल शरीर को लचीला बनाता है बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। योग के द्वारा हम अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचान सकते हैं और जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देख सकते हैं। यह हमें संतुलन और आत्मविश्वास का एहसास कराता है जिससे हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

प्रशिक्षका ने भुजंगासन, वज्रा. सन, पादहस्तासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर डॉ सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, पदमा भार्गव, शुभा कागजी, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, साधना, काव्या, प्रांसी, वंदना, नैना, नेहा, मानसी, मोनिका, अंजली, निधि, रूबी आदि ने योगाभ्यास किया।



# साढ़े तीन साल बाद भी हर घर जल पहुंचाने का लक्ष्य अभी अधूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने की मुहिम समय सीमा पूरी होने के बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। जनपद के 603 ग्राम पंचायतों में 2021 से काम चल रहा है, लेकिन अब तक केवल 119 ग्राम पंचायतों में ही ओवरहेड टैंक बनाने और पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हुआ है। जल जीवन मिशन का कार्य दिसंबर 2024 में ही पूरा किया जाना था।प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन की शुरुआत 2019 में की गई थी। जल जीवन मिशन के तहत मुरादाबाद में ओवरहेड टैंक एवं पाइपलाइन बिछाने का काम 2021 में शुरू किया गया था। जिले के 603 ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन बिछाने के लिए एक हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इसका ठेका दो कंपनियों (एलसी इन्फ्रॉ और एनकेजी) को दिया गया है। इन कंपनियों को मुरादाबाद में जल जीवन मिशन का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करना था, लेकिन अब तक 484 ग्राम पंचायतों में काम पूरा नहीं हो सका है। केवल 119 ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक बनाने और पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हुआ है। हालात यह हैं कि कहीं ओवरहेड टैंक का निर्माण अभी तक चल रहा है तो कहीं ओवरहेड टैंक बनने के बाद चालू नहीं किया गया है। जनपद के विभिन्न ब्लाकों में ओवरहेड टैंक बने हैं इसमें ब्लॉक भगतपुर टांडा 17, बिलारी11, छजलैट 17, डिलारी 12, कुंदरकी 16, मुरादाबाद 8, मूंडापांडे 18, ठाकुरद्वारा में 19 ओवरहेड टैंक बने हैसकांठ में निर्धारित समय के बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण नहीं हुआ है।

# टिश्यू कल्चर, मृदा परीक्षण तथा जैव उर्वरक-बायोपेस्टीसाइड का उपयोग बढ़ायें चीनी मिलें: गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि गन्ना किसानों को स्वस्थ एवं उपजाऊ मिट्टी में गन्ने की खेती कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी प्राथमिकता के क्रम में गन्ने के उत्पादन एवं गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए टिश्यू कल्चर, मृदा परीक्षण और जैव उर्वरक तकनीकी विधाओं को बढ़घवा देने के लिए चीनी मिल समूहों तथा क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में सभी चीनी मिलों को टिश्यू कल्चर, मृदा परीक्षण तथा जैव उर्वरक/ बायोपेस्टीसाइड विधाओं को लागू करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे गन्ना किसानों को स्वस्थ्य, रोग रहित बीज प्राप्त हो सके तथा टिश्यू कल्चर का उपयोग कर नई किस्मों के गन्ना बीज का त्वरित उत्पादन किया जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के चीनी मिल समूह मिल क्षेत्र पर मृदा परीक्षण लैब की स्थापना करेगीं और प्रत्येक किसान को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण करेंगी तथा मिल क्षेत्र का फर्टिलिटी मैप भी तैयार करेंगी। जिससे किसानों को अपनी मिट्टी की उर्वरता का पता चलेगा, तथा कृषक खेतों में उचित उर्वरकों का प्रयोग कर गन्ने की पैदावार में अत्यधिक वृद्धि कर सकेंगे। इसके साथ ही उर्वरकों का दुरूपयोग रो. कने से लागत में कमी लाई जा सकेगी।

● बीज की गुणवत्ता व उपलब्धता बढ़ानें, उर्वरकों का दुरुपयोग रोकने तथा रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग में कमी लाने के लिए गन्ना विभाग की पहल

आयुक्त, गन्ना एवं चीनी ने समस्त परिक्षेत्रीय अधिकारियों/ कार्मिकों/चीनी मिल समूहों को निर्देशित किया कि पर्यावरण सुरक्षा एवं टिकाऊ खेती के लिए रासायनों के स्थान पर जैव उर्वरकों/ बायोपेस्टीसाइड के प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें। इसीलिए कृषकों के हित में प्रदेश की प्रत्येक चीनी मिल क्षेत्र में जैव उर्वरक/ बायोपेस्टीसाइड लैब की स्थापना करने के निर्देश दिये है।

## एक नजर

### आयकर जागरुकता पर हुआ व्याख्यान

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में आयकर विभाग द्वारा चलाये जा रहे आउटरीच प्रोग्राम के तहत आयकर जागरुकता एवं महत्व विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में असिस्टेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स एम.एम.के. अब्बास रहे। व्याख्यान में बोलते हुए मुख्य वक्ता ने आयकर की उत्पत्ति, विकास एवं वर्तमान में आवश्यकता अऔर उसके महत्व को साझा किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि मनुष्य जब जन्म लेता है तब से वह प्रकृति से बहुत सी वस्तुएं नि:शुल्क प्राप्त करता है। इसी के साथ माता-पिता, समाज व सरकार से भी बहुत सी वस्तुएं नि:शुल्क प्राप्त करता है। इन वस्तुओं के बदले में मनुष्य को कुछ न कुछ वापस देने का कर्तव्य है। वह अपना कर्तव्य विभिन्न तरह से पूर्ण कर सकता है जिसमें एक तरीका है इनकम टैक्स देकर। टैक्स कोई नई वस्तु नहीं है बल्कि प्राचीन समय से ही इसका महत्व रहा है।

मनुस्मृति एवं अन्य धार्मिक पुस्तकों में इसका उल्लेख मिलता है, सरकार टैक्स के पैसे से ही देश में सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करती है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि जब वह आय कमाने लगे तब वह अपनी आय का कुछ इनकम टैक्स के रुप में देश को देने की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभायें। कार्यक्रम में प्राचार्य डा0 मनोज कुमार गुप्ता, आयकर निरीक्षक इन्दवीर सिंह, ओ.पी. वैश्य, ज्ञानसिंह, नितिन गंगवार, मुस्कान, शरद त्यागी, डा0 शिवदत्त शर्मा व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### उपजिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

**चन्दौसी।** उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा बुधवार को जनसुनवाई कर शिकायतों को सुना गया। प्रात: 10 बजे के करीब उपजिलाधिकारी ने तहसील पहुंचकर फरियादों को सुनना शुरु किया। जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति द्वारा नकल मांगी गयी, उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस तरह नकल आपको सीधी नहीं दी जा सकती, 10 रु. के पोस्टल ऑर्डर के माध्यम से नकल प्राप्त कर सकते हैं। वहीं कुछ फरियादी खतौनी में नाम संशोधन के लिए पहुंचे। ग्राम छावड़ा में जमीन के संबंध में ओवरलेपिंग का मामला सामने आया। आटा गांव से आयी एक महिला द्वारा शिकायत की गई कि कस्तूरबा स्कूल में रसोईये का काम करती है। उसका पति राजवीर पाल पुत्र नत्थूलाल शराबी प्रवृत्ति का है। उसकी पांच बीघा जमीन पति के नाम आ गयी है। यदि उसने वह जमीन भी बेच दी तो बच्चे क्या खायेंगे। दोपहर 02 बजे तक दस से अधिक शिकायतें आईं। वहीं काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में एसडीएम कोर्ट में न्यायालय से विरत रहने को कहा। अधिवक्ताओं का कहना था कि भीषण गर्मी पड़ रही है, अधिवक्ताओं को समस्या है।



### पर्यावरण संरक्षण पर की गोष्ठी

**चन्दौसी।** जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। विनेश वार्ष्णेय एवं रितु गोयल ने दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण हमारे स्वस्थ जीवन के लिए परम आवश्यक है। स्वच्छ पर्यावरण, हमें शुद्ध हवा, पानी, भोजन और ऊर्जा प्रदान करता है। मानव द्वारा वनों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण के संतुलन को नष्ट कर रहे हैं। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए वनों के कटान को रोकना होगा एवं अधिक से अधिक नए वृक्ष लगाने होंगे। प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन से जलवायु परिवर्तन और मौसम की अनियमितताओं की वजहों से हमारे जीवन के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहें हैं। हम सभी का दायित्व है कि पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण करें और उनका संरक्षण करें। संजीव गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक और पेस्टीसाइड का उपयोग नहीं करें व वायु प्रदूषण कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रखना ही धरती को बचाने का सर्वोत्तम उपाय है। डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। गोष्ठी में अनुराग भार्गव, साहू भुवनेश वार्ष्णेय, संजय गोयल, पी.सी. राय, मोहित वार्ष्णेय, मुनीश जिंदल, विनेश वार्ष्णेय, रितु गोयल, कृष्णऔतार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अरिल नदी की खुदाई के कार्य का किया अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के 29 गांवों में प्राचीन अरिल नदी होकर गुजरती है, जो वर्षों पहले अपनी पहचान खो चुकी थी। आसपास के किसानों ने भूमि के स्थान को समतल करके फसल बोनी शुरू कर दी थी परंतु दिनों दिन घट रहे भूमिगत जलस्तर और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन में अरिल नदी के पुनरुद्धार करने का बीड़ा उठाया है।

जिसका शुभारंभ मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, कुंदरकी की ब्लॉक प्रमुख नगमा जिलानी आदि ने मुड़िया जैन गांव में श्रमदान करके शुरू कराया था जो संविधान और जन सहयोग के सहारे आगे बढ़ रहा है। मुड़िया जेन से नदी के खुदाई का कार्य आगे बढ़ता हुआ भिड़बारी गांव तक का पहुंचा है भिड़वारी से संभल मार्ग पर बने पुल के नीचे होकर अरिल नदी आगे की ओर बढ़ती है सभी जगह राजस्व विभाग की निगरानी में खुदाई कार्य चल रहा है।

बुधवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ भिड़वारी गांव पहुंचकर अरिल नदी की खुदाई के कार्य का अवलोकन किया और सुझाव प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि बरसात से पहले यह नदी अपने पुराने स्वरूप में आ जाएगी और आशा की जाती है की बरसात के पानी से भर जाएगी इससे खेती और वनस्पति को काफी लाभ होगा।



# कोरोना के तीन केस मिलने पर ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी को 'गांव में रेंडम सेंपलिंग' के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कोरोना के तीन संक्रमित केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में वायरस की चेन न बन पाए इसलिए सेंपलिंग का दायरा बढ़ाया जाएगा। अब तक संक्रमित मिले तीनों मरीज के परिवार के सदस्यों की जांच कराई जाएगी। सैंपलिंग न होने तक उन्हें क्वारंटीन रहने के लिए कहा गया है।सभी सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी संचालकों को भी पूरी तैयारी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला अस्पताल की एमसीएच विंग में व्यवस्थाएं बनाई गई हैं और ऑक्सीजन प्लांट का टेस्ट किया गया है। यहां 30 से 40 बेड आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित कर लिए गए हैं। 10 से ज्यादा वेंटीलेटरों की टेस्टिंग की गई है और बाईपैप मशीनों को चला कर देखा गया है।जिला अस्पताल में एचएफएनसी मशीनों का भी परीक्षण किया गया है।

सभी ब्लॉक के चिकित्सा प्रभारी को गांवों में रेंडम सैंपलिंग के लिए कहा गया है। भगतपुर टांडा और कुंदरकी ब्लॉक का सीएमओ खुद जायजा लेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। जिले में अस्पतालों में बेड व उपचार की पूरी व्यवस्था है। कमजोर इम्यूनिटी वालों को सावधान रहने की जरूरत है। छोटे बच्चों, बुजुर्गो और गर्भवती महिलाओं का खास तौर पर सतर्क रहना है।

# बसपा जिलाध्यक्ष पीड़िता से मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कुंवर आकाश सिंह एसपी आर्य /एसपी ग्रामीण से मिले।

इसमें ग्राम सेहल में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत शिवानी पांडे एवं मोहिनी पांडे पुत्री मनोहर पाण्डे दोनों के द्वारा एस.सी जाटव समाज की लड़कियों को जातिसूचक शब्दों तथा अभद्र व्यवहार करने के संबंध में मिले जिसमें तत्काल एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने एस.सी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज करने का आदेश थाना अध्यक्ष भोजपुर को कर दिया जिसमें मुख्यरूप से निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद चंद्रपाल सैनी जिला महासचिव मुरादाबाद सतपाल कश्यप, शीशपाल सिंह एडवोकेट, नितिन सिंह एडवोकेट, रय्यान तुर्की एडवोकेट, राजेश कुमार, राजपाल जाटव, एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे सभी ने पीड़िता से मिलकर अप शब्द बोलने बालो खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई।



# शहीद क्रांतिकारी पं. रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, कवि, क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती एवं समाज सुधारक, भक्तिकाल के महान संत कबीरदास की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने कहा कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले। वतन पर मरने वालों का यही बाकी निंशा होगा। क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल महान स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त, उच्च कोटि के कवि, शायर थे। बिस्मिल ने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी, न ही उन्होने अपने बारे में सोचा, न ही अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचा। जब भी सोचा तो भारत के आगे के भविष्य के बारे में और नई पीढ़ी को अंग्रेजो से मुक्त कराकर आजाद भारत सोंपने के बारे में सोचा। उस समय अंग्रेजो द्वारा जो भी नीतियां और कानून बनाए जा रहे थे वह भारत के लोगों के खून चूसने के लिए बनाए जा रहे थे बल्कि भारत माता के रगों में वह रहे लहू को भी चूसने के लिए बनाए जा रहे थे। कबीर दास का पालन पोषण जुलाहे दंपत्ति नीरू और नीमा ने किया। उनका विवाह लोई से हुआ। उनका पुत्र कमाल और पुत्री कमाली हुई। उन्होंने रामानंद जी को अपना गुरु बनाया। लोगों का कहना था कि मगहर में मरने पर नर्क मिलता है उनका अंधविश्वास तोड़ने के लिए वह मगहर में चले गए। वहीं 1518 में स्वर्गवास हुआ। वह ईश्वर को निर्गुण निराकार मानते थे। इस दौरान डॉ महेश कुमार गुप्ता, डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉ निशा गुप्ता, डॉ नितिन कौशिक, डॉ शाजिघ्या शाहीन, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, अवधेश कुमार, समरीन खान, सुरेशचंद्र शर्मा, अंशु, इमरान, शिवानी, सरोज, शमा, निशु, सपना, रितेश, शोभित, अरुण कुमार, जगराज सिंह, सोमेन्द्र, ओमकार सिंह, विकास, अखिलेश कुमार, रविन्द्र कुमार, सूरज पाल, रामरहीस, सुरजीत सिंह, प्रेमपाल सिंह, आरती आदि मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 जून 2025

# हकीकत में खास मुद्दे

भाजपा और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने भले ही अतीत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में शिकायतें उठाई हैं, लेकिन प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उनमें से कई जांच में खरी नहीं उतरीं। कांग्रेस ने अब चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर लिया है तथा ज्यादा मौलिक मुद्दों को उठाया है, जिन पर अलग से विचार किए जाने की जरूरत है। बताते चलें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों में जो कुछ हुआ, उसके आधार पर चुनाव संचालन को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठाए हैं। इसमें हकीकत में कुछ खास मुद्दे हैं, जैसे आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में सूचीबद्ध मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि, मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि तथा मतदान प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के वास्ते केंद्र द्वारा चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन किया जाना। गांधी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने से इन्कार कर दिया है। उक्त फैसले में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल के एक हिस्से के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की सिफारिश की गई थी। जिन राज्यों में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव निकट थे, वहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के बारे में किए एक शुरुआती विश्लेषण से पता चला कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं की संख्या में तेज उछाल के उदाहरण मौजूद थे। जहां विधानसभा चुनावों से पहले जोड़े गए नये मतदाताओं की संख्या ज्यादा थी, आम चुनावों के बाद मात्र छह महीनों में 39 लाख से ज्यादा मतदाता जुड़े , वहीं 2014 में भी इसी किस्म की बढ़ोतरी देखी गई थी। लगभग चार मिलियन मतदाताओं की बढ़ोतरी एक बड़ी तादाद है और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सत्यापन के लिए मतदाता सूची से संबंधित मशीन द्वारा पठनीय आंकड़ों को सक्रियतापूर्वक जारी करना चाहिए। इस आरोप के संबंध में कि शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी असामान्य थी, यह तर्क सही नहीं है। यह मतदान के तात्कालिक (प्रोवि. जनल) आंकड़ों पर आधारित है और ईसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में शाम 5 बजे के बाद मतदान में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। ईसीआई द्वारा एक एप के जरिये साझा किए गए मतदान प्रतिशत के तात्कालिक आंकड़े पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं, क्योंकि ये चुनाव के दौरान संख्याओं की हाथ से की गई (मैनुअल) प्रविष्टि पर निर्भर होते हैं और मशीन की सटीक गणना से तुलना करने पर इनमें विसंगतियां हो सकती हैं। चूंकि फार्म 17-सी के जरिये प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंतिम आंकड़े कुछ समय बाद ही जारी किए जाते हैं, लिहाजा मतदान के तात्कालिक आंकड़ों पर भरोसा करना गलत होगा। हालांकि, एक और मुद्दा है जिस पर निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखना और शिकायतों की जांच के लिए राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों को उसे सुलभ कराना।

## प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे



32 देशों की यात्रा से लौटे से 7 डेलिगेशन के 51 सांसदों से पीएम का मिलना ठीक है, यह उनका विशेषाधिकार है और ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन हमारे पास कुछ आसान सवाल हैं, हम चाहते हैं कि पीएम इन सवालों का जवाब दें, प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे, पार्टियों के सांसदों से नहीं, बल्कि नेताओ से कब मिलेंगे, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामने आई भीतरी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों पर इन नेताओं को कब विश्वास में लेंगे, कारगिल युद्ध के बाद हमारे पास एक कारगिल समीक्षा समिति थी। क्या सिंगापुर में सीडीएस के खुलासे के बाद भी ऐसी ही कवायद होगी, क्या समीक्षा होगी, क्या कोई विश्लेषण होगा, क्या कोई रिपोर्ट होगी।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

# चोट अंगुली में, दोष पूरे शरीर को देते रहे



हफीज किदवई



अंगुली नीतीश थे और शरीर लालू थे। कितनी आसानी से मक्कारों ने लालू को खलनायक बना दिया और खलनायक को नायक बनाकर पूजते रहे। 15-20 सालों में क्या हासिल किया बिहार ने, मीडिया ने लालू कार्यकाल को बनाया बीमा और मीडिया ने ही नीतीश को कहा विकास पुरुष, खैर हमे नीतीश से कोई लेना देना नहीं, क्योंकि ऐसे लोगों से क्या ही उलझें, आज कुछ, कल कुछ, परसो कुछ, न जुबान का ठिकाना और न ही किरदार का कोई ठिकाना। कुर्सी के लिए किसी को भी पाया बना लेने वालों पर बात ही बेईमानी है।

हम आते हैं लालू प्रसाद यादव पर, उनके ऊपर चवन्नी छाप भी उठकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा देते हैं। वह भी चारा चोर कहकर खी खीखी करते हैं, जिनमें राजनीतिक अक्ल एक रत्ती से भी कम है। यह मासूम लोग हैं, इन्हें टीवी में बैठा एंकर बता देता है फलाने चोर हैं, यह चोर चोर बकने लगते हैं, टीवी का एंकर कह देता है कि फलाने महान हैं, विकास पुरुष हैं, यह उसके नाम ले लेकर लहालोट होते हैं। यह कभी भी पलट कर अपने इर्द गिर्द नहीं देखते हैं। लालू प्रसाद यादव के जमाने में हुए अपराध को देखते वक्त सूक्ष्मदर्शी इस्तेमाल करते हैं और वर्तमान सत्ता के अपराध झांकने में अपनी मटर जैसी आंखे इस्तेमाल करते हुए पर्दा डाल देते हैं। जरा बिहार के अगल-बगल के मुख्यमंत्री को भी देखें, उन्होंने अपने राज्यों में बिहार से ज्यादा काम किया है, जबकि वह आते जाते रहे हैं। यूपी को ही ले लें, नीतीश के समकक्ष मुलायम सिंह यादव, मायावती या राजनाथ सिंह, सबने इनसे बेहतर काम कम वक्त में किया है। अखिलेश यादव के पांच साल के काम तो नीतीश अगले 50 साल में भी नहीं कर पाएंगे। नीतीश एक ढोल थी जो सिर्फ लालू लालू लालू कहकर बज रही थी। लालू प्रसाद यादव को गरियाओ और सत्ता पाओ। लालू को गले लगाओ और सत्ता पाओ। यानी सत्ता सिर्फ एक नाम से मिलती,लालू और लालू। लालू कभी नैतिकता में नीचे नहीं गिरे, कभी घिनौनी राजनीति नहीं की, कभी अपशब्द नहीं बोले, बस देशज अंदाज में तफरीहन बातें की। गलतियां उतनी ही कि जितनी हमारे देश के तमाम विख्यात नेता करते रहे और काम भी उतना ही किया। आज लालू लंबी जेल की सजा काटकर जमानत पर है, यही प्रमाण है उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का और उस सत्ता के डर का जो हुकूमत, लालू की आंख देख सहम जाती है। क्या समझते हैं कि लालू के वक्त जज मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाया करते थे। क्या समझते हैं कि लालू फैसले मैनेज नहीं कर सकते थे। दूसरे तमाम नेताओं की तरह अपने ऊपर से मुकदमे हटा नहीं सकते थे क्या। कितने ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने खुद पर से आपराधिक मुकदमे खुद ही खत्म कर लिए, तो क्या लालू यह नहीं कर सकते थे। सब कर सकते थे मगर नहीं किया गया। सलाखों को कुबूल किया, तभी न्यायालय पर आपको भरोसा है। हमने बहुत से गुंडों को बहुत ऊंचे पद पर बैठे देखा है, आप भी देख रहे हैं, तब भी आपको लगता है कि लालू गलत थे। एक बार लालू के सर लगे इल्जाम को देखिएगा, रुपयों की गिनती कर लीजिएगा और यह भी देखिएगा उतने रुपये में आजका सत्ताधीश कितने विधायक खरीदकर चुनी हुई सरकार गिराता है। वह बेहिया लोग लालू पर सवाल उठाते हैं, जो विधायक खरीदने वाले के सामने सर झुकाया करते हैं। ईमानदार हो तो सर उठाकर उसको भी इतना ही कोसो जो लालू के सर मढ़े भ्रष्टाचार की कीमत में केवल एक या डेढ़ विधायक ही खरीद पाता, जबकि उसने बीसों को खरीदा है, सोचो कितना खर्च किया होगा। सरकारें गिराई हैं, पार्टियां तोड़ी हैं, क्या यह सब बीफ ईमानदारी से हुआ है। इन विधायक चोरों को पर्दे में छिपाकर। उन्हें जबरदस्ती चाणक्य का दर्जा देते हुए,जरा भी शर्म नहीं आती दोगले आपको। लालू का जेल में रहना और लालू को बदनाम करना, दोनों से किसी की चुनावी दुकान चलती है। लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना। कभी उनकी लीडरशिप में खामी नहीं देखी और कभी उन्हें कमजोर, मजाकिया या फिजूल नहीं जाना, हमेशा यह तो माना कि वह अद्वितीय हैं। अन्ना के झांसे के वक्त लालू ही एक आवाज थे जो संसद से सड़क तक बोल रहे थे कि यह आंदोलन सही नहीं है। लालू उस वक्त ही नब्ज पकड़ चुके थे मगर सरकार मदमस्त थी लालू को ही घेरने में, उनकी आवाज अनसुनी की गई। संसद में लालू के वह भाषण आज भी ऐतिहासिक है, जो बता रहा है कि संसद सर्वोच्च है, क्योंकि जनता ने उसे चुना है। लालू एक दौर की राजनीति का पर्याय हैं और अपने विरोधी की ऑक्सीजन हैं, बिना लालू नाम लिए, वह आज भी क्लास मॉनिटर तक का चुनाव नहीं लड़ सकते। लालू जी को जन्मदिन की मुबारकबाद और प्रार्थना की वह अभी मजबूती से और रहें, क्योंकि देश को उनकी जरूरत हैं। जिन्हें लालू के आरोप, सजा या परिवारवाद से दिक्कत है, वह हमें उस पार्टी का नाम बताएं जिनमें यह अवगुण न हों, कम या ज्यादा तराजू लेकर वह बैठे। लालू के राज में भी कुछ बहुत गलतियां रही होंगी, मगर अच्छाइयां ज्यादा थीं। हमने यह मान लिया है कि कुछ कमियों के साथ अच्छी चीजें फेंक नहीं दी जाती हैं। लालू प्रसाद इस माटी का हमको प्रसाद है, हम उनकी इज्जत करते हैं, लालू कुछ भी हों, धोखेबाज, चालबाज, मक्कार नहीं हो सकते और लाशों पर राजनीति नहीं करते, बस इतना काफी है, उनके प्रति प्रेम के लिए, हां हम लालू से प्रेम करने लगे हैं। जन्मदिन मुबारक, ईश्वर आपकी सफलता, समझ, अंदाज और सरलता आपके नीचे तक भी पहुंचाए और आपको स्वस्थ्य रखे। तेजस्वी आपका हमें उपहार है और वैचारिक प्रतिबद्धता आपका दिखाया रास्ता है, यह दोनों हमेशा बने रहें, आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं।

**लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धर्म के आवरण में दरिंदगी: कुछ तो गड़बड़ है

**ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था। 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है।**

निर्मल रानी



हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम, स्वामी चिन्मयानंद, गुरमीत राम रहीम, स्वामी नित्यानंद, दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं, भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी, राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आए व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इस तरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गई। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया, यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी, चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालांकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुए हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आ पाते अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमे. रिका, इंग्लैंड, मिस्र, फ्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों, मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहां महंत, पुजारी, पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूंकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बचपन की छिनती मुस्कान: बाल श्रम मौलिक अधिकारों का हनन

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**



अतुल गोयल



हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराने और उनके बचपन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से की थी। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है- आइए प्रयासों में तेजी लाएं। यह थीम आज के समय की जमीनी सच्चाई को बखूबी दर्शाती है क्योंकि वैश्विक स्तर पर लाखों बच्चे अब भी उस अंधेरे दलदल में फंसे हैं, जिसे बाल श्रम कहते हैं, जो उनके मौलिक अधिकारों के साथ ही उनके जीवन की संभावनाओं को भी निगल रहा है। बाल श्रम कोई सरल या सतही समस्या नहीं है। यह उस गंभीर सामाजिक विडंबना का परिणाम है, जिसमें समाज, सरकार, उद्योग और व्यक्तिगत स्वार्थ की जटिलताएं आपस में उलझी हुई हैं। किसी भी बच्चे को उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना, उसे शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसी मूलभूत चीजों से दूर करना, सीधा-सीधा उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-24 यह स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक कार्यस्थल पर नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद छोटे-छोटे ढाबों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कालीन बुनाई केंद्रों, बीड़ी, कांच, पटाखा और चूड़ी उद्योगों में काम करते मासूम बच्चों को देखना एक आम दृश्य है। बाल श्रम की वैश्विक स्थिति को देखें तो आईएलओ और यूनिसेफ की 2023 की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया भर में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं, जिनमें से लगभग 8 करोड़ बच्चे खतरनाक श्रम कार्यों में लगे हुए हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हर 10 में से एक बच्चा अपने बचपन के बजाय किसी मजदूरी की जगह पर खड़ा है। इन 16 करोड़ बच्चों में से एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगभग 4.9 करोड़, अफ्रीका में लगभग 8.6 करोड़, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में 1.1 करोड़ बच्चे इस समस्या से पीड़ित हैं। इस समय सर्वाधिक गंभीर स्थिति उप-सहारा अफ्रीका की है, जहां प्रत्येक दसवां बच्चा श्रमिक है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 तक भारत में 5 से 14 वर्ष की आयु के लगभग 1.01 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। हालांकि पिछले दो दशकों में शिक्षा के प्रचार, सरकारी योजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की मेहनत से बाल श्रमिकों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों, घरेलू कामों और खेती-बाड़ी जैसे असंगठित क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति अब भी भारी है। महामारी के बाद की परिस्थितियों में बाल श्रम का पुनरुत्थान देखने को मिला है। कोविड-19 के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब होने से कई बच्चों को पढ़ाई छोड़कर काम पर जाना पड़ा।

भारत के कई हिस्सों में बच्चों को आज भी पढ़ाई और खेल के बजाय दिनभर मजदूरी में झोंक दिया जाता है। कभी वे सड़क किनारे भीख मांगते, कचरा बीनते, जूते पॉलिश करते या कारखानों में सस्ते श्रमिक की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं। बाल श्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी हानि पहुंचाता है। अस्वच्छ और खतरनाक वातावरण में काम करने के कारण बच्चों को सांस की बीमारी, अस्थमा, त्वचा रोग, टीबी, रीढ़ की हड्डी के विकार और कैंसर तक हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक पोषण की कमी और शारीरिक शोषण के कारण वे उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं और मानसिक रूप से भी अवसाद, डर, हीनता ग्रंथि और अपराध की दुनिया की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। यह समस्या सिर्फ मानवीय संकट नहीं है, यह आर्थिक और सामाजिक विकास में भी बाधा है। एक समाज का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। यदि वह पीढ़ी शिक्षा के बजाय बचपन में ही मजदूरी करने लग जाए तो न केवल उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति भी अवरुद्ध हो जाती है। मानव संसाधन की क्षति, उत्पादकता में गिरावट और सामाजिक असमानता जैसे दुष्परिणाम सामने आते हैं।

बाल श्रम के पीछे अनेक कारण हैं लेकिन गरीबी इसकी सबसे मजबूत जड़ है। जब एक परिवार अपनी बुनियादी आवश्यकताओं भोजन, पानी, दवा और शिक्षा को पूरा नहीं कर पाता तो बच्चे को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेज देना मजबूरी बन जाती है। इसके अलावा निरक्षरता, कुपोषण, किसी सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का अभाव, बाल तस्करी और अज्ञानता भी बाल श्रम के प्रमुख कारक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों को यह तक पता नहीं होता कि उनके बच्चे को मजदूरी पर लगाना कानूनी अपराध है और संविधान उनके बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन का अधिकार देता है। बाल श्रम को रोकने के लिए भारत में बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 बनाया गया था, जिसे 2016 में संशोधित कर और कठोर किया गया। इस संशोधन में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के किसी भी कार्य में नियोजन पर पूर्ण प्रतिबंध है, साथ ही 14-18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक उद्योगों में काम पर लगाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके बावजूद इस कानून की प्रभावशीलता संदिग्ध बनी हुई है क्योंकि निगरानी, प्रवर्तन और सजा की प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कई बार बच्चा परिवार की मदद के नाम पर घरेलू उद्योगों में कार्य करता रहता है और कानून इसकी सही से व्याख्या नहीं कर पाता। बाल श्रम से जुड़ी एक बड़ी विडंबना यह भी है कि कई बार इन्हें बचाने वाले कानून ही इनके अधिकारों की राह में बाधा बन जाते हैं। उदाहरण के तौर पर जब कानून में यह प्रावधान है कि बच्चा पारिवारिक काम कर सकता है तो इसका फायदा उठाकर बाल मजदूरी को पारिवारिक रोजगार बताकर उसे वैध ठहराने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्रों में, जहां निरीक्षण की व्यवस्था नहीं है, वहां तो स्थिति और भी भयावह होती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना जैसी योजनाएं भी चलाई हैं, जिनका उद्देश्य 9 से 14 वर्ष की आयु के बाल श्रमिकों को बचाकर उन्हें विशेष विद्यालयों में दाखिल कराना और उन्हें पुनर्वास सहायता देना है, लेकिन इन योजनाओं का कार्यान्वयन और जमीनी असर आज भी सीमित और असमान है। कई जिलों में इनकी उपस्थिति नहीं है और जहां है भी, वहां संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल की कमी है। यदि भारत को सच में बाल श्रम मुक्त बनाना है तो केवल कानून बनाना या कुछ योजनाएं शुरू करना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए व्यापक सामाजिक बदलाव की आवश्यकता है। सबसे पहले तो सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना होगा ताकि गरीब परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने में सक्षम बनें। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों को मजबूत बनाकर युवाओं को रोजगार योग्य बनाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनियाभर में दखल दे रहे अमेरिका के अपने 25 शहरों में प्रदर्शन




## लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमे. रिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है।

सैन फ्रांसिस्को, डलॉस, आस्टिन, टेक्सास और न्यूयार्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस

**ट्रम्प बोले: सुरक्षाबल पूरी ताकत से निपटेंगे, जरूरत पड़ने पर सैन्य बल का इस्तेमाल करूंगा**

पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। लॉस एंजिलिस में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक माल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे। एक अन्य वीडियो में कुछ उपद्रवी एडिडास स्टोर, फार्मेसियां, मारिजुआना दुकानें और ज्वेलरी शाप्स में भी तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी क्रिस मिलर ने बताया-एक महिला को एपल स्टोर में चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वाशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा। 14 जून को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हा

# ट्रम्प ने गाजा जंग खत्म करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है।



इजरायल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी। साथ ही अमेरिका हमास को भी जंग खत्म करने के लिए गारंटी देने को तैयार है। डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बात. चीत में यह साफ किया कि अमे. रिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि, ट्रम्प ईरान के

**■ ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं, बातचीत जारी रखना चाहते हैं ट्रम्प**

हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि, ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबा. रा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए।

# बिलावल का दावा: अबकी बार ट्रम्प भी नहीं रोक पाएंगे भारत-पाक जंग

## कहा: पाक में 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है, भारत को जलयुद्ध की धमकी भी दी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आशंका जताई कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध छिड़ा तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास इसे रोकने के लिए वक्त नहीं होगा। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीटयूट में यह बात कही।

बिलावल ने भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को सपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए? पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है। बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है। बिलावल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल किए बिना स्थाई शांति संभव नहीं



**■ अगर हिंसा इसी तरह जारी रही तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है: पूर्व विदेश मंत्री**

है। उन्होंने पानी विवाद को भी उठाया और चेता. वनी दी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो यह जल युद्ध की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा: चाहे देश छोटा हो या बड़ा, वह पानी और अपनी जिंदगी के लिए लड़ेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती इसी नदी पर निर्भर है। सिंधु नदी को पाकिस्तान की लाइफलाइन कहा जाता है। बिलावल ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर तोड़ने करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने कश्मीर को ग्लोबल मुद्दा माना है, न कि भारत का आंतरिक मामला। बिलावल ने भारत से बात. चीत की अपील की और कहा कि भारत को पाकिस्तान से कई शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन बातचीत बंद करने से समस्याएं हल नहीं होंगी। बिलावल ने दावा किया कि अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक हटने और वहां छोड़े गए हथियारों की वजह से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा: हम आतंकवाद, अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर बात करते हैं।

# लॉस एंजिल्स में घायल पत्रकार को सहायता की पेशकश

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय रबर की गोली से घायल हुए एक टेलीविजन न्यूज चैलन के रिपोर्टर को सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। ऑस्ट्रेलिया के विद. ेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि सरकार ने लॉस एंजिल्स में महावाणिज्य दूतावास के माध्यम से रिपोर्टर लॉरेन टोमासी से संपर्क किया है और उन्हें प्रदान करने के लिए की पेशकश की है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क न्यूज़ के लिए संवाददाता टोमासी रविवार को स्थानीय समयानुसार लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय घायल हो गई थीं। पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई रबर की गोली से उनके पैर में गोली लग गई थी। उन्होंने बुधवार को नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि घटना की तस्वीरें 'वास्तव में भयानक' है।

# बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक आवास पर कट्टरपंथियों का हमला

## उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

**ढाका।** बांग्लादेश के सिरा. जगंज में मंगलवार को कट्टरपंथियों की भीड़ ने गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हमला कर दिया। कचहरी घर के नाम से मशहूर टैगोर के पैतृक आवास में जमकर तोड़फोड़ की।

जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम के कट्टरपंथियों की भीड़ ने टैगोर के विरोध में नारे भी लगाए। सूचना मिलने के बाद शहजादपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी असलम अली का कहना है कि फिलहाल मामले की पड़ताल की जा रही। अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। काफी देर तक चले

**■ काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे**

हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे। बात दें कि राजधानी ढाका से लगभग 125 किमी की दूरी पर स्थित गुरुदेव टैगोर के इस दो मंजिला पैतृक आवास को म्यूजियम का दर्जा दिया गया है। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने इस कचहरी घर का निर्माण 1840 में कराया था। 1979 में बांग्लादेश के पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित इमारत का दर्जा दिया था। कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ करने की साजिश पहले से रची थी सूत्रों के अनुसार, कट्टरपंथियों ने आरा. ेप लगाया कि मंगलवार को म्यूजियम के निदेशक सिराजुल इस्लाम ने एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट की। जबकि इस्लाम ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

पुलिस जांच में भी किसी को भी म्यूजियम में बंधक बनाए जाने की बात सामने नहीं आई। लेकिन देखते ही देखते कट्टरपंथियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बताया जाता है कि कट्टरपंथियों ने कचहरी घर में तोड़फोड़ करने की साजिश दो-तीन दिन से रची हुई थी। इसलिए भीड़ मौके पर जमा हो गई।



हैदराबाद। आयोग के समक्ष पेश होने के लिए बीआरके भवन पहुंचे तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव व न्यायमूर्ति पी.सी. घोष।

# ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस किशोरी को पुलिस ने मारी गोली

**सिडनी।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस होकर धमकी देने वाली एक किशोरी को मंगलवार को पुलिस ने गोली मार दी। यह घटना मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे के आसपास, क्वींसलैंड राज्य के ब्रिसबेन से 1000 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम स्थित टाउन्सविले में हुई, जहां एक होटल में एक 17 वर्षीय लड़की के चाकू से लैस होने और धमकी देने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। बुधवार को पुलिस ने एक बयान में कहा कि अदालत में यह आरोप लगाया जाएगा कि लड़की अधिका. रियों पर हमला करने के लिए आगे बढ़ी जिसके बाद उसके पेट में गोली मारी गई। अधिकारियों ने उसका तुरंत प्राथमिक उपचार करवाया और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी

**वाशिंगटन।** टेस्ला चीफ एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांग ली है। उन्होंने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी गलती मानी है। मस्क ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है।

उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे ही जुड़े एक वीडियो पर एलन मस्क

**■ कहा: पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया, सात जून को राष्ट्रपति बोले थे एलन से रिश्ता खत्म**

ने 'रेड हार्ट' इमोजी कमेंट किया था। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि ट्रम्प और मस्क के बीच रिश्ता बेहतर होने लगा है। मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका एलन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। एनबीसी न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। यह बिल हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है। इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे। अब यह सीनेट में विचाराधीन है, जहां इसे 4 जुलाई 2025 तक पास किया जाना है।

मस्क अब ट्रम्प के इस विधेयक के रास्ते में बड़ी रुकावट बनते दिख रहे हैं। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है।



# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

**ताइवान।** ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है।

ताइवान इन इंडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा: ताइवान सरकार इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड के तेजी से किए गए बचाव कार्य के लिए आभारी है। हम लापता के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। दरअसल, अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास लगभग 44 नाटिकल मील दूर एक कंटेनर जहाज 503 में 9 जून को विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई

**■ अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था**

विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू आपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं।

# यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा अमेरिका

**■ यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा कि यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी




है। पूर्व में जो बाइडन प्रशासन के तहत स्वीकृत और अनुमोदित बजट के तहत अमेरिका ने यूक्रेन को लगातार हथियार प्रदान करना जारी रखा है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन के लिए किसी भी नई सहायता की घोषणा नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के ज़रिये शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हितों के लिए सबसे अच्छा है।

# इक्वाडोर में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह हमला गुआयाकिल के पास क्वालेस इलाके में डौले राजमार्ग के निकट हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई।

हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला सप्ताहांत में चार असॉल्ट राइफलों की हाल ही में जब्ती से जुड़ा हो सकता है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमला सुबह तब हुआ, जब पेका क्षेत्र और एक नगरपालिका बाजार

**■ हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया**

के पास स्थानीय लोग अपने दिन की शुरुआत कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार मारे गए लोगों में पांच मोटरसाइकिल टैक्सी चालक थे। इक्वाडोर के सबसे खतरनाक शहरों में से एक गुआयाकिल में हाल के दिनों में कई घातक हमले हुए हैं। बैस्टियन पॉपुलर के एक घर में रविवार को चार लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा, सोमवार को मुचो लोटे इलाके में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद एक विवाहित जोड़े की गोली मारकर हत्या कर दी गई।